बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

बिहार में शिक्षा की प्रगति

१९६३-६४

और

१९६४-६५

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
१९७५

– 5412
370.6
BiH – B

सूची

भाग १—रिपोर्ट

क्रमांक	अध्याय	विषय	पृष्ठ
१		आमुख	क-ख
२	१	सामान्य सारांश	१—१५
३	२	शिक्षा-कार्मिक और संगठन	१६—२०
४	३	प्राथमिक शिक्षा	२१—३०
५	४	बुनियादी शिक्षा	३१—४१
६	५	माध्यमिक शिक्षा	४२—६०
७	६	विश्वविद्यालय शिक्षा	६१—८८
८	७	शिक्षकों का प्रशिक्षण (बुनियादी और गैर-बुनियादी) ।	८९—९८
९	८	व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा	९९—११२
१०	९	समाज शिक्षा	११३—११५
११	१०	बालिकाओं एवं महिलाओं की शिक्षा	११६—१२८
१२	११	प्रकीर्ण	१२९—१४३

NIEPA DC

D01885

-5412
370.6
BIH-B

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
[illegible]
[illegible] Delhi-110016
DOC. No. 1885
Date 26.11.84

आमुख

इस रिपोर्ट में, १९६३-६४ और १९६४-६५ के दौरान बिहार राज्य में शिक्षा की प्रगति का विवरण दिया गया है।

इस विभाग से सामान्यतः एक वार्षिक रिपोर्ट निकाली जाती है, किन्तु कुछ अपरिहार्य कारणों से ऐसा नहीं किया जा सका। चूंकि वार्षिक रिपोर्ट समय पर नहीं निकाली जा सकी, इसलिए दो वर्षों की रिपोर्ट एक ही खंड में प्रकाशित की जा रही है।

इस खंड के भाग १ में सामान्य विवरण है और भाग २ तथा ३ में दो वर्षों की सांख्यिकीय तालिकाएं।

१९६३ से १९६५ तक की अवधि में प्राथमिक, माध्यमिक, विश्वविद्यालय, शारीरिक और सांस्कृतिक-शिक्षा के इन सभी क्षेत्रों में अविराम प्रगति हुई है। हां, योजना-बजट में भारी कटौती हो जाने के कारण समाज-शिक्षा की प्रगति को कुछ धक्का पहुंचा है।

प्राथमिक शिक्षा

प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में, बालकों के लिए १,९८६ और बालिकाओं के लिए १६१ नये स्कूल खोले गए। जिला और नगरपालिका बोर्डों द्वारा संचालित बहुतेरे विद्यालयों को विस्तार और सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत ले लिया गया। स्वभावतः, इसका परिणाम यह हुआ कि छात्रों की संख्या १९६२-६३ में जितनी थी वह बढ़कर २,०८,४३३ हो गई। इस अवधि में अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की स्कीम में भी अच्छी प्रगति हुई। शहरी क्षेत्रों में, स्कूलों में नामांकन का प्रतिशत, कुल आबादी के ८५.४ तक पहुंच गया। शहरी क्षेत्रों में, स्कूलों में स्थान-व्यवस्था की समस्या, इस विभाग के लिए एक चुनौती बन गई। प्राथमिक शिक्षा पर खर्च की वृद्धि आलोच्य अवधि में जारी रही। इस खर्च की सबसे प्रमुख बात यह है कि १९६४-६५ के दौरान कुल खर्च का ९२.५ प्रतिशत सरकारी हिस्से का खर्च था। सरकारी स्रोतों से खर्च की अत्यंत महत्वपूर्ण मदें रही हैं शिक्षकों के वेतन का अभिकांश, मंहगाई भत्ता, प्रधानाध्यापक भत्ता, स्कूलों के आकस्मिक साज-सामान और शत-प्रतिशत सरकारी खर्च पर स्कूल-भवनों का निर्माण। यह सिलसिला पूर्व वर्षों में नहीं रहा है।

माध्यमिक शिक्षा

बिहार में सरीय बुनियादी, मिडिल और उच्च (हाई) तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों को माध्यमिक शिक्षा की श्रेणी में रखा गया है। आलोच्य अवधि में ४१ उच्चतर माध्यमिक स्कूलों (३० बालकों के लिए और ११ बालिकाओं के लिए), १७१ हाई स्कूलों (१५८ बालकों के लिए और १३ बालिकाओं के लिए), और ८७५ मिडिल स्कूलों (७५५ बालकों के लिए और १२० बालिकाओं के लिए) की वृद्धि हुई है।

इसका स्वाभाविक परिणाम यह है कि सभी कोटियों के स्कूलों में नामांकन में काफी वृद्धि हुई है। माध्यमिक शिक्षा के विस्तार के परिणामस्वरूप उच्च/उच्चतर/बहुद्देशीय स्कूलों में २,१२६ अतिरिक्त शिक्षकों, मिडिल स्कूलों में ५,४८७ अतिरिक्त शिक्षकों और सीनियर बुनियादी स्कूलों में ३६ अतिरिक्त शिक्षकों को काम दिया जा सका है। गुणवत्ता में सुधार लाने के ख्याल से इन स्कूलों में अप्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या घटाने की कोशिश जानबूझकर की गई। इस दृष्टि से विशेष उल्लेखनीय वर्ग मिडिल स्कूलों का है जिनमें प्रशिक्षित शिक्षकों का प्रतिशत बढ़कर, १९६२-६३ में ३५ के मुकाबले १९६४-६५ में ७१.८ हो गया।

बालकों के माध्यमिक स्कूलों के, जिनमें मिडिल स्कूल भी शामिल हैं, मद्धे खर्च में सरकार का अंश जो १९६२-६३ में बढ़कर २४.४७ हुआ था, वह बढ़कर १९६३-६४ में ४१.६२ और १९६४-६५ में ४१.९९ हो गया। इसी प्रकार, बालिकाओं के माध्यमिक स्कूलों, जिनमें मिडिल स्कूल भी शामिल हैं, पर होनेवाला सरकारी खर्च, जो १९६२-६३ में १५ प्रतिशत बढ़ा था, १९६३-६४ में ५५.२१ प्रतिशत और १९६४-६५ में ५६.३७ प्रतिशत तक बढ़ गया। इस अवधि की सर्वाधिक उल्लेखनीय उपलब्धि रही है बिहार राज्य माध्यमिक शिक्षा समिति की रिपोर्ट का प्रकाशन। राज्य-सरकार ने समिति की सिफारिशों पर सावधानी से विचार किया और उच्च/उच्चतर/माध्यमिक तथा बहुद्देशीय स्कूलों में (जिनमें सर्वोदय स्कूल भी शामिल हैं) छुट्टियों की संख्या घटाकर साल-भर में ७३ दिन कर दी गयी।

विश्वविद्यालय शिक्षा

आलोच्य अवधि में राज्य के छहों विश्वविद्यालयों में विकास का क्रम जारी रहा। इस अवधि में व्यावसायिक और तकनीकी तथा विशेष शिक्षा की सुविधाओं का भारी विस्तार हुआ। ऐसी संस्थाओं की संख्या, जो १९६२-६३ में ६२ थी, बढ़कर १९६४-६५ में २९६ हो गई [इसमें अनुस्नातक (अंडरग्रेजुएट) स्तर की संस्थाएं भी शामिल हैं]। इसी प्रकार, सामान्य शिक्षा देनेवाले कॉलेजों की सूची में भी १५ नए कॉलेजों के नाम जुड़े।

विश्वविद्यालयों के समेकन और समृद्धि के लिए प्रयास किए गए। पटना विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का विस्तार किया गया और उसे समृद्ध बनाया गया, कुछ नए छात्रावासों का निर्माण किया गया और विश्वविद्यालय परिसर (यूनिवर्सिटी कैम्पस) में सुधार लाया गया।

भागलपुर विश्वविद्यालय में भौतिकी (फिजिक्स), रसायनशास्त्र (केमिस्ट्री) वनस्पतिशास्त्र (बॉटनी) और जन्तु-शास्त्र (जूलॉजी) के स्नातकोत्तर विभाग खोले गए।

इसी प्रकार, रांची विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान का एक नया स्नातकोत्तर विभाग खोला गया; सेंट कोलम्बस कॉलेज, हजारीबाग को अंगीभूत कॉलेज बनाया गया और महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर सहित ६ नए कॉलेजों को सम्बद्ध किया गया।

मगध विश्वविद्यालय भी विस्तार की दौड़ में किसी से पीछे नहीं रहा। (१) राजनीति विज्ञान, (२) संस्कृत और प्राकृत, (३) प्राचीन भारतीय इतिहास और एशियाई अध्ययन तथा (४) व्यावहारिक अर्थशास्त्र और वाणिज्य शास्त्र के चार नए स्नातकोत्तर विभाग खोले गए। इसी प्रकार, चार नये कॉलेजों को सम्बद्ध किया गया। बिहार विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य-केन्द्र, विश्वविद्यालय अतिथि-सह-स्टाफ क्लब, आदि कतिपय नए भवनों का निर्माण पूरा किया गया। लंगट सिंह कॉलेज में नए ट्यूटोरियल प्रखंडों का निर्माण पूरा किया गया। उसी प्रकार, एक अंगीभूत कॉलेज में भी कुछ विशाल छात्रावास और नये पुस्तकालय-भवन बनाये गये।

इस विस्तार के बावजूद, लगता है कि पटना विश्वविद्यालय में सबसे अधिक विषयों के अध्यापन की व्यवस्था है, केवल कला फैकल्टी में हीं नहीं, बल्कि विज्ञान और मेडिकल फैकल्टियों में भी। रांची में व्यावसायिक कॉलेजों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, जबकि मगध, बिहार और भागलपुर अभीतक मुख्यतः कला-वर्ग के विषयों में ही चिपके हुए हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में हिन्दी को अपनाने का लक्ष्य उत्तरोत्तर साकार होता जा रहा है। विश्वविद्यालय शिक्षा की प्रगति का सर्वाधिक उत्साहजनक पहलू यह है कि शोध-कार्य के प्रति विशेष अभिरुचि दिखाई पड़ने लगी है। बिहार विश्वविद्यालय में ही १८५ व्यक्ति शोध-कार्य कर रहे थे। रांची में निबन्धित शोधकर्त्ताओं की संख्या ९० थी।

कतिपय पुनर्गठन और नवीन विकास के कार्य भी हुए। ऐसे कार्यों में उल्लेखनीय हैं, बिहार विश्वविद्यालय के सम्बद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों के वेतनमान में बढ़ोतरी, रांची और बिहार विश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय-अनुदान आयोग के वेतनमान का लागू किया जाना और बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक प्रयोगशाला-सहायकों के लिए प्रदर्शक (डिमांस्ट्रेटर) की कोटि का सृजन।

प्रकीर्ण

प्राच्य शिक्षा, अनुसूचित जातियों और जन-जातियों की शिक्षा, शारीरिक शिक्षा और युवा-कल्याण कार्य-कलाप जैसे शिक्षा के अन्य क्षेत्रों में भी, आलोच्य वर्ष में, यथोचित ध्यान दिया गया।

इस रिपोर्ट के लिए सामग्री जुटाने तथा इसमें सुधार लाने में, इस विभाग तथा अन्य सरकारी विभागों के जिन पदाधिकारियों तथा जिन गैर-सरकारी व्यक्तियों ने कृपापूर्वक सहयोग किया है उन सबके प्रति शिक्षा निदेशालय और शिक्षा विभाग अपना आभार व्यक्त करता है।

मैं, श्री बी० एन० झा, उप-शिक्षा निदेशक (आयोजना), बिहार को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने परिश्रमपूर्वक यह रिपोर्ट तैयार की है।

ना० सु० नगेन्द्रनाथ,

लोक-शिक्षा निदेशक, बिहार।

अध्याय १

सामान्य सारांश

सामान्य सर्वेक्षण

१.१। १९६१ की जनगणना के अनुसार, जनसंख्या की दृष्टि से भारतीय राज्यों में बिहार का दूसरा स्थान है। इस राज्य की जनसंख्या से अधिक जनसंख्या वाला एक ही राज्य है और वह है उत्तर प्रदेश। योजना-आयोग के शिक्षा प्रभाग ने शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्धता विषयक क्षेत्रीय असंतुलन का जो अध्ययन किया था उसमें इस राज्य को, देश के १४ भाग "क" राज्यों में बारहवां स्थान दिया था, जबकि स्पष्टतः, शिक्षा को प्रपोषित करने की इस राज्य की क्षमता की दृष्टि से इसे तेरहवां स्थान दिया गया है। इसलिए, यह सिद्ध होता है कि यह राज्य शिक्षा के क्षेत्र में जो इतना पिछड़ा हुआ है उसका कारण यही है कि यह आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। इससे इस बात की आवश्यकता प्रतीत होती है कि राज्य-सरकार इस दिशा में अविरत प्रयास करे।

१.२। बिहार की जनसंख्या, १९६१ की जनगणना में संकलित सम्पूर्ण देश की जनसंख्या का १०.६ प्रतिशत है, और इस राज्य का क्षेत्रफल १,७४,००८ वर्ग कीलोमीटर है। इस राज्य की कुल प्राक्कलित जनसंख्या, जो १९६२-६३ में ४,७५,८१,१९० (२,३८,५९,७५२ पुरुष और २,३७,२१,४३८ महिलाएं) थी, बढ़कर १९६३-६४ में ४,९२,४२,९४७ (२,४६,९९,५३६ पुरुष और २,४५,४३,४११ महिलाएं) और १९६४-६५ में ५,०२,६६,४५३ (२,५१,९२,०२४ पुरुष और २,५०,७४,४२९ महिलाएं) हो गई। ६ से १७ वर्ष तक के आयुवर्ग के बालकों की प्राक्कलित जनसंख्या २६ प्रतिशत के हिसाब से जोड़ने पर, जो १९६२-६३ में १,२३,७१,१०९ (६२,०३,५३५ बालक और ६१,६७,५७४ बालिकाएं) थी, बढ़कर १९६३-६४ में १,२८,०३,१६६ (६४,२१,८७९ बालक और ६३,८१,२८७ बालिकाएं) और १९६४-६५ में १,३०,६९,२७८ (६५,४९,९२६ बालक और ६५,१९,३५२ बालिकाएं) हो गई।

१.३। राज्य की कुल प्राक्कलित आय, जो १९६२-६३ में ९३,८७,००,००० रु० थी, बढ़कर १९६३-६४ में १,००,००,०२,००० रु० और १९६४-६५ में १,११,३९,००,००० रु० हो गई। केवल शिक्षा के बजट से शिक्षा मद्दे कुल खर्च (जिसमें प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए स्थानीय निकायों को दिये गए सरकारी अनुदान और स्कूल शिक्षकों को दिए गए महंगाई भत्ते की रकमें शामिल हैं), जो १९६२-६३ में १५,३३,००,००० रु० था, बढ़कर १९६३-६४ में १५,७०,८६,००० रु० और १९६४-६५ में १७,५३,००,००० रु० हो गया। इस प्रकार, शिक्षा बजट से शिक्षा मद्दे खर्च, जो १९६२-६३ में कुल राजस्व का १६.३ प्रतिशत था, १९६३-६४ में १५.७ प्रतिशत हो गया।

२। शिक्षा संबंधी विधान

१.४। आलोच्य वर्ष में, राज्य-सरकार ने, सरकारी संकल्प सं० १००३, दिनांक १३ मई १९६३ के अधीन गैर-सरकारी माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक और बहुद्देशीय स्कूलों की प्रबन्ध-समितियों के पुनर्गठन के सम्बन्ध में नियमों का पुनरीक्षण किया। माध्यमिक स्कूलों में आन्तरिक मूल्यांकन (इंटर्नल असेसमेंट) की प्रणाली उठा ली गई।

१.५। पुनर्गठन सम्बन्धी दूसरा कदम यह उठाया गया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की शिक्षा-प्रशिक्षण-विद्यालय-परीक्षा संचालित करने के लिए प्राधिकृत किया गया। यह परीक्षा पहले बिहार बुनियादी शिक्षा बोर्ड संचालित करता था।

३। संस्थाएं

१.६। निम्न तालिका में संस्थाओं की संख्या दी हुई है और बताया गया है कि वरीय बुनियादी स्कूलों, जूनियर बुनियादी स्कूलों और विशेष स्कूलों को छोड़कर, सभी प्रकार की संस्थाओं की संख्या में वृद्धि हुई है। बालकों के कनीय बुनियादी स्कूलों में ५३३ की कमी और बालिकाओं के बुनियादी विद्यालयों में १७ की कमी जो दिखाई पड़ती है वह इसलिए कि उन्हें मिडिल स्कूलों के रूप में उत्क्रमित किया गया है, और १० वरीय बुनियादी स्कूलों की जो कमी दिखाई पड़ती है वह इसीलिए कि उन्हें मिडिल स्कूलों के ढांचे पर बदल दिया गया है। विशेष संस्थाओं की संख्या में जो कमी हुई है उसका सम्बन्ध समाज शिक्षा केन्द्रों के बन्द हो जाने से है, जो कि चीन-भारत युद्ध तथा राष्ट्रीय आपातिक स्थिति के कारण खर्च में भारी कटौती होने के कारण करना पड़ा था। अतएव, १९६२-६३ के मुकाबले १९६४-६५ में बालकों की कुल १,६४८ संस्थाओं और बालिकाओं की कुल ३८५ संस्थाओं की जो कमी हुई, उसे कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं माना जाएगा।

१.७। संस्थाओं की संख्या-तालिका

संस्था का प्रकार	बालकों के लिए				बालिकाओं के लिए			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २--४	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६—८
१	२	३	४	५	६	७	८	९
विश्वविद्यालय	६	६	६	..	..	..	..	..
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड	१	१	१	..	..	..	..	..
सामान्य शिक्षा के कॉलेज ..	१०४	१०५	११८	(+)१४	१३	१४	१४	(+)१
शोध-संस्थाएं	४	४	४	..	..	..	..	..
व्यावसायिक शिक्षा वाले कॉलेज ..	३४	३४	३६	(+)२	१	१	१	..
विशेष शिक्षा वाले कॉलेज ..	२७	२९	३१	(+)४	..	..	..	..
उच्चतर माध्यमिक, उच्चतर बुनियादी और बहूद्देशीय स्कूल।	३१५	३४०	३४५	(+)३०	२६	२९	३७	(+)११
हाई स्कूल	१,३६२	१,४०५	१,५२०	(+)१५८	८७	९०	१००	(+)१३
मिडिल स्कूल	४,२९७	४,४७७	५,०५२	(+)७५५	३६८	४४३	४८८	(+)१२०
वरीय बुनियादी स्कूल	८३३	८५१	८२३	(—)१०	९	११	१२	(+)३
प्राथमिक स्कूल	३३,७९९	३४,४३९	३६,११३	(+)२,३१४	४,२११	४,२५४	४,३९२	(+)१८१

कनीय बुनियादी स्कूल ..	..	२,५०२	२,४३५	१,९६९	(—)५३३	३५४	३५४	३३७	(—)१७
शिशु स्कूल (नर्सरी स्कूल)	..	३०	३०	३५	(+)५	३	४	५	(+)२
व्यावसायिक स्कूल ..	..	१७३	१७४	१८७	(+)१४	४७	५१	४७	..
विशेष स्कूल ..	..	६,११५	४,३९९	१,७१४	(—)४,४०१	९१९	६८४	२२०	(—)६९९
कुल ..	..	४९,६०२	४८,७२९	४७,९५४	(—)१,६४८	६,०३८	५,९३५	५,६५३	(—)३८५

४। छात्र

१.८। निम्न तालिका में, विभिन्न प्रकार की संस्थाओं में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या विषयक स्थिति दिखाई गई है :--

विभिन्न प्रकार की संस्थाओं के अनुसार छात्रों का नामांकन

संस्थाओं के प्रकार	संस्थाओं में छात्रों की संख्या							
	बालक				बालिकाएं			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २--४	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६--८
१	२	३	४	५	६	७	८	९
१। विश्वविद्यालय	६,०३४	६,२६४	६,५९०	(+)५५६	..	..	..	..
२। सामान्य शिक्षा के कॉलेज ..	८०,५१३	८३,९२७	८६,६२८	(+)६,११५	४,४५८	५,११७	५,२५३	(+)७९५
३। शोध-संस्था	१५२	१९०	२२०	(+)६८	..	..	..	..
४। व्यावसायिक शिक्षा के कॉलेज ..	१६,२५९	१८,३०५	१९,९८५	(+)३,७२६	१०१	१०९	११३	(+)१२
५। विशेष शिक्षा के कॉलेज ..	१,७४९	१,८२०	२,१७७	(+)४२८	..	..	..	..
६। उच्चतर/बहूद्देशीय/उच्चतर बुनियादी स्कूल ।	१,८७,७४९	२,०८,४३६	२,१२,३२७	(+)२४,५७८	१३,२२०	१४,३३४	१८,०८६	(+)४,८६६
७। हाई स्कूल	४,००,४८२	४,०९,९५७	४,३०,६६७	(+)३०,१८५	२२,१८९	२३,८०३	२३,१३६	(+)९४७
८। वरीय बुनियादी	१,६५,९१५	१,७५,२९७	१,७०,१९३	(+)४,२७८	१,८७७	२,२३६	२,३७४	(+)४९७

९। मिडिल स्कूल ..	..	८,०५,१०८	८,८०,५९१	९,९९,३९२	(+)१,९४,२८४	७१,२२६	८८,०२९	९७,४२२	(+)२६,१९६
१०। कनीय बुनियादी ..	..	१,९२,५५१	१,९५,२२०	१,५९,०५२	(—)३३,४९९	१७,७४२	१,९१,६११	१८,५७६	(+)८३४
११। प्राथमिक ..	..	२३,९२,००४	२५,४१,९२७	२६,२६,४४८	(+)२,३३,६३५	२,३७,७२९	२,४९,६२४	२,४७,९४४	(+)८,२१५
१२। शिशु (नर्सरी) ..	..	१,९४७	२,०६४	२,४०५	(+)४५८	९७	१५२	१४७	(+)५०
१३। व्यावसायिक स्कूल	..	३०,१७९	३०,१४७	३२,३६१	(+)२,१८२	३,७०२	४,१८६	३,९७८	(+)२७६
१४। विशेष स्कूल ..	..	२,२७,७०८	१,६९,७५०	७६,४४३	(—)१,५१,२६५	२६,८०३	२०,८५१	६,७५९	(—)२०,०४४
कुल ..	..	४५,०९,१५९	४७,२३,८२५	४८,२४,८८८	(+)३,१५,७२९	४,०१,१४४	४,२७,६०२	४,२३,७८८	(+)२२,६४४

१.९। ऊपर के आंकड़ों से स्पष्ट पता चलता है कि जूनियर बुनियादी स्कूलों और विशेष स्कूलों को छोड़कर, अन्य सभी प्रकार की संस्थाओं में छात्रों की संख्या बढ़ी है। १९६२-६३ के मुकाबले १९६४-६५ में बालक छात्रों की सख्या में लगभग ३,१५,७२९ और बालिका छात्राओं की संख्या में लगभग २२,६४४ की शुद्ध वृद्धि हुई है।

५। व्यय

१.१०। निम्न तालिका में, आलोच्य अवधि में, शिक्षा पर विभिन्न स्रोतों से हुए व्यय की तुलनात्मक रूपरेखा प्रस्तुत की गई है :—

शिक्षा पर व्यय।

प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष।

व्यय।	बालकों की संस्थाएं।				बालिकाओं की संस्थाएं।			
	१९६२-६३।	१९६३-६४।	१९६४-६५।	फर्क २—४	१९६२-६३।	१९६४-६४।	१९६४-६५।	फर्क ६—८।
१	२	३	४	५	६	७	८	९
सरकार—								
केन्द्रीय ..	९६,६४,९२१	१,१३,२३,८१७	१७,९८,२५,५०८	+२,८३,६१,९८२	१,१०,६७६	१,०७,६९५	१,८०,८२,७४७	+३१,६९,२२२
राज्य ..	१४,१७,९८,६०५	१५,६८,४३,७२१	..	..	१,४८,०२,८४९	१,५३,४६,६१९	..	..
जिला बोर्ड ..	३७,२८,२४२	३७,२८,७८३	५३,२१,५८२	+५,२७,४९९	३,०७,८९२	३,३९,१२०	८,७०,९४६	+ ८८,५२३
नगरपालिका बोर्ड	१०,६५,८४१	१,१३,९७,१७०	..	..	४,७४,५२१	५,०३,६७२	..	..
फीस ..	५,१४,७६,२१३	५,६२,३०,५८०	६,००,७१,६७४	+८५,९५,४६१	२२,४५,५८६	२४,४९,३४६	२४,५४,०७४	+२,०८,४८८
विश्वविद्यालय ..	..	..	३८,६३,५४८	..	..	..	२५,४४९	+ २५,४४९
धर्मस्व ..	१२,४८,८२४	४६,०४,०९१	२,१०,४२,०३९	+१,८६,८०१	१,८१,१४७	२,६९,९४६	२८,३३,६८३	+१,८५,०२७
अन्य स्रोत ..	२,०४,६९,९६२	२,२२,९८,३२९	..	..	२४,९२,९५८	२,३५,१५,७६२	..	..
कुल ..	२३,२४,५२,६०८	२५,६१,६९,०३८	२७,०१,२४,३५१	+३,७६,७१,७४३	२,०६,१५,६२९	२,१३,६८,१६०	२,४२,६६,८९९	+३६,५१,२७०

१.११। मान्यताप्राप्त संस्थाओं पर १९६४-६५ में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष कुल खर्च जहां तक बालकों की संस्थाओं का सम्बन्ध है, ३,७६,७१,७४३ रु०, और जहां तक बालिकाओं की संस्थाओं का संबंध है, ३६,५१,२७० रु० बढ़ गया। प्रत्यक्ष खर्च में वृद्धि नई संस्थाओं के खुलने से हुई और अप्रत्यक्ष खर्च में वृद्धि भवन, फर्निचर, साज-सामान आदि के लिए उदारतापूर्वक अनावर्त्तक अनुदान देने के कारण हुई।

६। महत्वपूर्ण विकास स्कीमों की प्रगति

१.१२। १९६३-६४ और १९६४-६५ में कुछ महत्वपूर्ण स्कीमों की प्रगति का ब्योरा नीचे दिया जाता है :—

(१) प्राथमिक क्षेत्र—

तृतीय पंचवर्षीय योजना के दौरान, प्राथमिक क्षेत्र में, जो अतिशय महत्व की स्कीमें थीं उनका संबंध इन विषयों से था—(क) प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति, (ख) द्वितीय योजना के दौरान खोले गये प्रशिक्षण स्कूलों का सुधार और समेकन, एवं शिक्षकों के वेतनमान में सुधार।

प्राथमिक शिक्षा से संबंधित स्कीमों पर समस्त व्यय १९६३-६४ में २१५.४४ लाख और १९६४-६५ में २२८.१८ लाख हो गया, जबकि १९६२-६३ में यह व्यय १७३.४९ लाख ही था।

(ख) आलोच्य दो वर्षों के दौरान प्राथमिक शिक्षा की सुविधाएं बढ़ाने के लिए विभिन्न स्कीमें चालू रखी गईं। "प्राथमिक स्कूल खोलना और उनकी स्थिति ठीक करना" जैसी योजनाओं पर, जिनसे ६—११ के आयु-वर्ग के बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था कराने में मदद मिली, १९६३-६४ में ६१.२१ लाख और १९६४-६५ में १०६.४३ लाख खर्च हुए जबकि १९६२-६३ में इन पर केवल ५५.९८ लाख खर्च हुए थे। फलतः १९६३-६४ में ६४० और १९६४-६५ में १,६७४ नए प्राथमिक स्कूल खोले गए। इसी प्रकार "मिडिल स्कूल खोलना और उनकी स्थिति ठीक करना" विषयक योजना से नए मिडिल स्कूल खोलने में और पहले से मौजूद मिडिल स्कूलों की स्थिति ठीक करने में मदद मिली। यह स्कीम १४ वर्ष तक की आयु के बच्चों की शिक्षा-सुविधा बढ़ाने के ख्याल से अनुमोदित की गई थी, और इससे संविधान में निहित निदेशों को पूरा करने की दिशा में काफी प्रगति हुई। इस स्कीम पर कुल खर्च १९६३-६४ में ११.२० लाख रु० और १९६४-६५ में १६.०१ लाख रु० हुआ। फलतः ७५५ नए मिडिल स्कूल खोले गए और बहुतेरे मिडिल स्कूल की स्थिति में सुधार लाया गया।

"प्राक्-प्राथमिक संस्थाओं को सहायता" स्कीम के अधीन १९६३-६४ में ०.९४ लाख रु० और १९६४-६५ में ०.७५ लाख रु० खर्च हुए, जबकि १९६२-६३ में ०.५० लाख रुपये ही खर्च हुए थे। ये रकमें स्कूलों में अनुदान-स्वरूप वितरित की गईं।

सरकारी कन्या मिडिल स्कूलों के सुधार पर १९६३-६४ में १.६२ लाख रु० और १९६४-६५ में १.०७ लाख रु० खर्च हुए, जबकि गैर-सरकारी कन्या मिडिल स्कूलों पर १९६४-६५ में केवल ०.६० लाख रुपये खर्च हुए थे। १९६३-६४ में १.८४ लाख रु० और १९६४-६५ में १.९७ लाख रु० मिडिल स्तर की बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा की सुविधा देने की योजना पर खर्च हुए। "सरकारी बुनियादी स्कूलों में सुधार" योजना पर भी १९६३-६४ में २.१५ लाख और १९६४-६५ में २.०० लाख रु० खर्च हुए।

बालक मिडिल स्कूलों में बालिकाओं की भी शिक्षा चालू रहे, इसको बढ़ावा देने के लिए, मिश्रित स्कूलों में शौचालय आदि की सुविधाओं की व्यवस्था में सहायता करने की एक योजना चालू की गई और उस पर १९६४-६५ में ६०,००० रु० खर्च हुए।

बालिकाओं की शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से, "वयस्क महिलाओं के लिए संक्षिप्त पाठ्यचर्या" की व्यवस्था की गई, जिसपर १९६३-६४ में १४,००० रु० और १९६४-६५ में २४,००० रु० खर्च हुए।

निर्धन किन्तु मेधावी छात्राओं के उत्प्रेरणा-स्वरूप राज्य-सरकार ने योजना-स्कीम के तौर पर १९६३-६४ में १.९२ लाख रु० और १९६४-६५ में १.१९ लाख रु० खर्च किए। "प्रशिक्षण-विद्यालयों का सुधार, प्रसार और स्थापना" स्कीम पर १९६४-६५ में २८.७२ लाख रु० और १९६४-६५ में २८.०८ लाख रु० खर्च हुए।

प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के शिक्षकों के वेतनमान में सुधार लाने से संबंधित योजना पर १९६३-६४ में ९१.७५ लाख रु० और १९६४-६५ में ६४.४६ लाख रु० की मोटी रकमें खर्च हुईं।

(२) माध्यमिक क्षेत्र—

तीसरी योजना-स्कीम के अधीन, १९६३-६४ में ५५.५२ लाख रु० और १९६४-६५ में ८३.७६ लाख रु० माध्यमिक शिक्षा के सुधार और प्रसार पर खर्च हुए।

१९६३-६४ और १९६४-६५ के दौरान सबसे अधिक खर्च हुआ एक योजना-स्कीम पर, जिसका संबंध शिक्षकों के वेतनमान में सुधार लाने से है। ये खर्च इन वर्षों में क्रमशः ३०.६७ लाख और ३०.६७ लाख रु० थे।

दूसरे महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संबंध मौजूदा सरकारी बहूद्देशीय स्कूलों के विस्तार और सुधार से है। इस स्कीम पर १९६३-६४ में ८.०२ लाख और १९६४-६५ में ११.३८ लाख रु० हुए।

माध्यमिक स्कूलों में शारीरिक शिक्षा में सुधार लाने के लिए भी सहायता दी गई, और इस मद में १९६३-६४ में ५७,००० रु० और १९६४-६५ में ६७,००० रु० खर्च हुए।

अनुसूचित जातियों और जन-जातियों के हितों पर भी ध्यान दिया गया। इनकी निःशुल्क शिक्षा के कारण शिक्षण-फीस में हुई क्षति की पूर्ति में ६.२६ लाख रु० खर्च किए गये।

इसी प्रकार, नए सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल खोलने के लिए १९६३-६४ और १९६४-६५ में क्रमशः २.१२ लाख और २.१३ लाख रुपए खर्च हुए। गैर-सरकारी बहूद्देशीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के सुधार और प्रसार की स्कीम पर १९६३-६४ में ४.४३ लाख रु० और १९६४-६५ में ६.६३ लाख रुपए खर्च हुए।

शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े हुए इलाकों में उच्चतर माध्यमिक स्कूल खोलने के लिए, तथा वर्त्तमान राज्य-साहाय्यित स्कूलों में सुधार लाने के लिए भी राज्य-सरकार ने उदारतापूर्वक साहाय्य दिया। इस स्कीम पर १९६३-६४ में १.०१ लाख रु० और १९६४-६५ में ६.०७ लाख रु० खर्च हुए।

इसी प्रकार, गैर-सरकारी हाई/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों को दिए गए अतिरिक्त सहायता अनुदान की रकम १९६३-६४ में ४.३९ लाख रु० और १९६४-६५ में ४.९६ लाख रु० तक पहुंच गयी। मौजूदा अर्थ-साहाय्यित और असाहाय्यित हाई स्कूलों पर भी १९६३-६४ में ३ लाख रु० और १९६४-६५ में २.१० लाख रु० की रकम खर्च की गई।

शारीरिक शिक्षा के निमित्त माध्यमिक स्कूलों को सहायता देने में १९६३-६४ में ०.५७ लाख और १९६४-६५ में ०.६७ लाख रु० खर्च हुए।

१९६३-६४ में ११.६१ लाख रु० और १९६४-६५ में ५.७३ लाख रु० सैनिक स्कूल, तिलैया के सुधार पर खर्च हुए। इसी प्रकार, नेतरहाट पब्लिक स्कूल के सुधार पर १९६३-६४ और १९६४-६५ दोनों ही वर्षों में प्रतिवर्ष ०.१९ लाख रु० खर्च हुए।

(३) बालिका-शिक्षा—माध्यमिक स्तर—

बालिका स्कूलों से संबंधित विशेष स्कीमों पर १९६३-६४ और १९६४-६५ में जो खर्च हुए उनका ब्योरा नीचे दिया जाता है:—

(लाख रुपयों में)

स्कीम का नाम	व्यय	
	१९६३-६४ में	१९६४-६५ में
(१) ग्रामीण या अर्द्ध-नगरी क्षेत्रों में राज्य साहाय्यित बालिका उच्चतर माध्यमिक स्कूलों का खोला जाना।	०.५५	२.५६
(२) ग्रामीण या अर्द्ध-नगरी क्षेत्रों में मौजूदा गैर-सरकारी बालिका उच्च/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों को राज्य साहाय्यित स्कूलों में बदलना।	१.३४	२.२५
(३) कन्या माध्यमिक स्कूलों में शिक्षिकाओं के लिये क्वार्टरों का निर्माण..	०.४०	१.००
(४) माध्यमिक स्कूलों में बालिकाओं के लिये छात्रावासों का निर्माण ..	१.२५	..
(५) मिश्रित माध्यमिक स्कूलों में बालिकाओं के लिये विश्राम कक्षों का निर्माण।	०.४५	..
(६) माध्यमिक स्कूलों में बालिकाओं के आने-जाने के लिये सवारी का उपबन्ध।	०.२०	..
(७) बालिकाओं के लिये योग्यता-सह-निर्धनता-वृत्तिका ..	..	१.२६
कुल	४.१९	७.०७

(४) शिक्षक -प्रशिक्षण कालेज—

शिक्षक प्रशिक्षण कालेजों का प्रसार, सुधार और स्थापना ..	०.९७	२.२८
विशेष संक्षिप्त पाठचर्या, आवृत्ति-चर्या (रिफ्रेशर कोर्स) आदि का आयोजन	०.३३	..
कुल ..	१.३०	२.२८

(५) विश्वविद्यालय और उच्चतर शिक्षा—

तीसरी योजना में, विश्वविद्यालय-शिक्षा से संबंधित स्कीम की अनुमोदित लागत ५३७ लाख थी। १९६३-६४ में ७८.५६ लाख और १९६४-६५ में ६३.६४ लाख रु० खर्च हुए।

नीचे के विवरण से स्पष्ट होगा कि विश्वविद्यालय और उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में १९६३-६४ और १९६४-६५ में कौन-सी स्कीमें चालू रहीं और क्या खर्च हुए :—

(लाख रुपयों में)

क्रम सं०	स्कीम का नाम	व्यय	
		१९६३-६४	१९६४-६५
१	राष्ट्रभाषा-परिषद् का विकास	०.८१	०.०१
२	मिथिला संस्कृत-स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान का विकास	१.२३	..
३	काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान का विकास ..	०.०२	०.०४
४	अरबी-फारसी-स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान ..	..	०.०४
५	बिहार रिसर्च सोसाइटी का विकास	०.१२	०.११
६	ग्राम उच्चतर अध्ययन संस्थान (रूरल इन्स्टिच्यूट ऑफ हायर स्टडीज), बिरौली का विकास।	०.१५	०.३९
७	पटना विश्वविद्यालय का विकास	..	६.००
८	बिहार विश्वविद्यालय का विकास	०.१६	१२.४०
९	रांची विश्वविद्यालय का विकास	०.५५	४.५५
१०	भागलपुर विश्वविद्यालय का विकास	०.१०	१२.४५
११	मगध विश्वविद्यालय का विकास	१३.४०	१८.३०
१२	विश्वविद्यालय सेवा-आयोग	२.०२	१.५०
१३	राज्य विश्वविद्यालय आयोग	५३.४२	१.२५
१४	संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा का विकास	१.७३	२.१०
१५	महिला ट्यूटोरियल कालेज को सहायता	०.२३	०.४८
१६	छात्रवृत्ति और वृत्तिका	४.६४	४.०२
	कुल	७८.५६	६३.६४

(६) अन्य शिक्षा स्कीमें—

(क) समाज शिक्षा—आपतकालीन स्थिति में कटौती और घटौती होने के कारण आलोच्य अवधि में सबसे अधिक नुकसान इसी क्षेत्र को हुआ।

(ख) पुस्तकालय—१९६३-६४ में १.२३ लाख रु० और १९६४-६५ में १५,००० रु० सार्वजनिक पुस्तकालयों पर और पुस्तकालय-कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं अनुमंडलीय पुस्तकालयों के विकास पर खर्च हुए।

(ग) दृश्य-श्रव्य शिक्षा (ऑडो विजुअल एडुकेशन)—४,००० रु० राज्य फिल्म-लाइब्रेरी के विकास पर और १,००० रु० दृश्य-श्रव्य-शिक्षा के निमित्त कर्मशाला के विकास पर खर्च हुए।

(७) शारीरिक शिक्षा—

निम्न विवरण से पता चलता है कि शारीरिक शिक्षा से संबंधित स्कीमों पर क्या खर्च किया गया :—

(लाख रुपयों में)

क्रम सं०	स्कीम का नाम	व्यय	
		१९६३-६४	१९६४-६५
१	राजकीय स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा कालेज का विकास ..	०.४२	०.२०
२	व्यायामशालाओं को सहायता	०.१०	..
३	शारीरिक शिक्षा संबंधी सेमिनारों और समारोहों का आयोजन ..	०.०१	..
४	खेलकूद-प्रतियोगिता का आयोजन	०.१०	०.२०
५	पटने में खेलकूद स्टैडियम-सह-खेलाड़ी-अतिथि-भवन (स्पोर्ट्समैन गेस्ट हाउस) का निर्माण।	२.५७	०.६९
	कुल	३.२०	१.०९
	युवा-कल्याण—		
१	युवा छात्रावास	..	०.०४
२	विज्ञान-मंदिर	..	०.३५
३	छात्र-पर्यटन	०.०६	..
		०.०६	०.३९
	एन० सी०सी० एवं ए० सी० सी०—		
१	एन० सी० सी० प्रशासन-तंत्र को सुदृढ़ करना	२.२०	१.५७
२	एन० सी० सी० सीनियर डिवीजन का प्रसार	०.०१	०.०७
३	एन० सी०सी० राइफल्स का प्रसार	३.२५	७.१२
४	एन० सी० सी० जूनियर डिवीजन का प्रसार	०.०२	०.०८
५	ए० सी० सी० का प्रसार	०.९८	०.६४
६	एन० सी० सी० कैम्पों का आयोजन	०.८७	०.३३
	कुल	७.३३	९.८१

(लाख रु० में)

क्रम सं०	स्कीम का नाम	व्यय १९६३-६४	व्यय १९६४-६५
(८)	**असुविधाग्रस्तों की शिक्षा—**		
१	असुविधाग्रस्त बालकों की शिक्षा के विकास के लिये स्वैच्छिक संघटनों को सहायता।	०.१५	०.१५
२	असुविधाग्रस्त बालकों को वृत्तिका	०.१४	०.१४
३	सुधार-विद्यालय (रिफॉर्मेटरी स्कूल), हजारीबाग का विकास ..	..	०.५०
	कुल ..	०.२९	०.७९
(९)	**संस्कृत शिक्षा का उन्नयन—**		
१	गैर-सरकारी संस्कृत उच्च विद्यालयों का विकास ..	०.३९	०.६४
२	शास्त्रार्थ-प्रतियोगिता का आयोजन	०.०४	..
३	संस्कृत-अध्ययन के लिये छात्रवृत्ति और वृत्तिका	..	०.२३
४	संस्कृत-शिक्षकों को प्रशिक्षण-सुविधाएं देने की व्यवस्था ..	०.०४	०.०६
	कुल	०.४७	०.९३
(१०)	**अरबी-फारसी का विकास —**		
१	गैर-सरकारी मदरसों को अनुदान	०.१५	०.२०
२	अरबी-फारसी अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति एवं वृत्तिका ..	..	०.०८
३	अरबी-फारसी शिक्षकों को प्रशिक्षण-सुविधाएं देने की व्यवस्था ..	..	०.०४
	कुल	०.१५	०.३२
(११)	**सौन्दर्यपरक शिक्षा (एस्थेटिक एडुकेशन)—**		
१	राज्य-सांस्कृतिक शिक्षा-बोर्ड का विकास और मोद-मंडलियों का पुनर्गठन।	१.१७	१.३१
२	पटने में राज्य-नाट्यशाला (स्टेट थियेटर हॉल) का निर्माण ..	३.००	०.६४
३	भारतीय नृत्य कला मंदिर का प्रांतीयकरण	०.५१	०.६०
४	संगीत, नृत्य और नाटक एवं ललित कला में रत संस्थाओं को सहायता।	०.३७	०.२५
५	कला-क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तियों को वित्तीय सहायता ..	..	०.०३
६	पाली एवं बौद्धशास्त्र के स्नातकोत्तर अध्ययन का नव नालंदा महा-बिहार।	..	०.१२
	कुल ..	५.०५	२.९५
(१२)	**अन्य प्रकीर्ण स्कीमें—**		
१	निदेशालय और मुख्यालय स्थापना का सुदृढ़ीकरण ..	०.१७	०.१९
२	वाणिज्य-संस्थानों का विकास	०.१०	..
३	महत्वपूर्ण शैक्षिक कार्यों के लिये स्वैच्छिक संघटनों को सहायता ..	१.३७	१.१५
	कुल	१.६४	१.३४

१.१३। १९६३-६४ की अवधि के महत्वपूर्ण कार्य-कलाप—

(१) प्राथमिक क्षेत्र—

१९६३-६४ में, विकास-अनुदान के रूप में राज्य की विभिन्न नगरपालिकाओं और अधिसूचित क्षेत्र-समितियों के बीच ५ लाख रु० आनुपातिक रूप से वितरित किए गए ।

१९६३-६४ में, जीवन-यापन-भत्ते के रूप में राज्य की विभिन्न नगरपालिकाओं और अधिसूचित क्षेत्र-समितियों के बीच ४ लाख रु० की एक दूसरी रकम वितरित की गई।

राज्य के मिडिल और प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को वेतन और भत्ते देने के लिये १९६३-६४ में १ करोड़ का अनुदान मंजूर किया गया, यह रकम विभिन्न जिलों की शिक्षा-निधि और नगरपालिकाओं के बीच वितरित की गई।

महंगाई-भत्ते के भुगतान के लिये १९६३-६४ में ५० लाख रु० की मंजूरी दी गई। यह रकम जिला-शिक्षा-निधि और नगरपालिकाओं के बीच उनकी आवश्यकतानुसार वितरित की गई।

११,५०८ रु० की रकम तिरहुत प्रमंडल ३ नगरपालिकाओं के मिडिल स्कूलों के लिये अनुदान-स्वरूप मंजूर की गई।

अप्रशिक्षित कर्मचारियों की जगह पर प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति की योजना के अधीन १९६३-६४ में ११ लाख की रकम मंजूर की गई। इसमें से १०,०३,१६० रु० ग्रामीण क्षेत्रों के लिए थे और ९६,८४० रु० शहरी क्षेत्रों के लिए।

हरिजन प्राथमिक विद्यालयों के लिए, जो कि कल्याण विभाग से शिक्षा विभाग में अन्तरित किए गए हैं, १९६३-६४ में ३०,८९३ रु० का अनुदान मंजूर किया गया। इसे राज्य के विभिन्न जिला-शिक्षा-निधियों को आवंटित किया गया।

प्रथम पंचवर्षीय योजना के दौरान मंजूर शिक्षक-इकाइयों को बनाए रखने के लिये, १९६३-६४ में ३० लाख रु० का अनुदान मंजूर किया गया।

कतिपय स्कूलों को सामुदायिक केन्द्रों में विकसित करने के लिए १९६३-६४ में २६,४०० रु० की एक दूसरी रकम मंजूर की गई।

(२) बुनियादी शिक्षा क्षेत्र—

सरकारी अधिसूचना सं० २३२९, दिनांक १० फरवरी १९६२ के अधीन संघटित राज्य-शिक्षा-सलाहकार-बोर्ड के सदस्यों का नाम निर्देशन किया गया।

राज्य सरकार ने महिला-प्रशिक्षण-स्कूल, मुजफ्फरपुर की चहारदीवारी ऊंची करने के लिये २७,४७८ रु० की पुनरीक्षित रकम मंजूर की।

राज्य सरकार ने अधिसूचना सं० १३२९, दिनांक २ मई १९६३ के अनुसार शिक्षक-प्रशिक्षण-स्कूलों की परीक्षा संचालित करने का काम बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सौंप दिया।

१९६३-६४ के दौरान, राज्य सरकार ने राज्य के वरीय बुनियादी स्कूलों के भवनों की मरम्मत के लिए १५,००० रु० की रकम मंजूर की।

राज्य सरकार ने सरकारी कनीय बुनियादी स्कूल के शिक्षकों को कृषि में प्रशिक्षित करने की स्कीम को १५,७०० रु० के खर्च पर, १ अप्रील १९६४ से एक वर्ष तक चालू रखना मंजूर किया।

राज्य सरकार ने कुछेक सरकारी संस्थाओं में (जिनमें पूर्व बुनियादी स्कूल और दो अन्य संस्थाएं भी शामिल हैं) नगरी शिल्प सिखाने का काम चालू रखने के लिए, १ मार्च १९६३ से १ वर्ष तक के लिये ३५,५४० रु० का अनावर्तक अनुदान मंजूर किया। १९६३-६४ के दौरान, सरकारी वरीय बुनियादी स्कूलों की मरम्मत और निर्माण के लिए २ लाख रु० की मंजूरी दी गई।

राज्य सरकार ने ४०० सरकारी वरीय बुनियादी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को बेहतर वेतन और भत्ते देने के लिए ६,९०,००० रु० की मंजूरी दी।

स्वैच्छिक संघटनों द्वारा संचालित ४३ पूर्व-बुनियादी स्कूलों में वितरण के लिए, राज्य सरकार ने १९६३-६४ के दौरान ५०,००० रु० की मंजूरी दी।

जिला शिक्षा-अधीक्षक के कार्यालय में स्वच्छता-फिटिंग और पेय जल-आपूर्त्ति के लिए ४,२३६ रु० की स्वीकृति दी गई।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के शिक्षकों के अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने के लिय राज्य सरकार ने ४५,००,०००रु० की रकम की मंजूरी दी।

पिछड़े मुसलमानों के कल्याण-मकतबों के शिक्षकों के वेतनमान अन्य शिक्षकों के समतुल्य करने के लिए २५,८०० रु० की रकम मंजूर की गई।

मिडिल स्कूलों में शिल्प का अध्यापन आरंभ करने के लिए राज्य सरकार ने १ लाख रु० की रकम मंजूर की।

१९६१ में पुनरीक्षित वेतनमान के अनुसार शिक्षकों को वेतन देने के लिये ३० लाख रु० की रकम मंजूर की गई।

जिला बोर्डों के साधारण अनुदान के रूप में २४ लाख रु० की रकम मंजूर की गई, जिसे जिला-शिक्षा-निधि में जमा किया गया।

(३) माध्यमिक क्षेत्र—

गैर-सरकारी हाई स्कूलों को साधारण अनुदान देने के लिये राज्य सरकार ने ४,१५,४३८ रु० की रकम मंजूर की। यह रकम वितरण के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को सौंप दी गई।

३१ मार्च १९४९ के पहले मान्यताप्राप्त सरकारी हाई स्कूलों में काम करनेवाले लिपिकों के वेतनमान बढ़ाने के लिये राज्य सरकार ने १५,५०,७९३ रु० की रकम की मंजूरी दी। यह रकम वितरण के लिए, सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जिम्मे दे दी गई।

गैर-सरकारी हाई स्कूलों में कृषि और विज्ञान विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिये राज्य सरकार ने ८१,२०० रु० की रकम की मंजूरी दी।

राज्य सरकार ने १,२४,५१४ रु० की रकम उन गैर-सरकारी हाई स्कूलों में वितरणार्थ मंजूर की, जो भूतपूर्व जमींदारों द्वारा चलाये जाते थे।

संथाल-परगना में १०० हाईस्कूलों के संचालन के लिये २,१०० रु० की रकम मंजूर की गई।

राज्य सरकार ने बालिका मिडिल स्कूल, कदमकुआं, पटना के लिये २,७७८ रु० मंजूर किये।

मिडिल स्कूलों में पढ़नेवाले अनुसूचित जन-जातियों के छात्रों की, जिन्हें निःशुल्क शिक्षा दी जाती है, शिक्षा-फीस की प्रतिपूर्त्ति के तौर पर राज्य सरकार ने २,०१,९८४ रु० का अनुदान मंजूर किया। इसे विभिन्न जिला-शिक्षा-निधि में आनुपातिक रूप में जमा किया गया।

प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों के वेतन, भत्ता, आदि देने के लिये राज्य सरकार ने १ करोड़ रु० की राशि मंजूर की। इसे जिला-शिक्षा-निधियों और नगरपालिकाओं में वितरित किया गया।

प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के शिक्षकों को महंगाई भत्ता देने के लिए ५० लाख रुपये की मंजूरी दी गई।

तिरहुत प्रमंडल की नगरपालिकाओं के मिडिल स्कूलों के लिये ११,५०८ रु० की रकम मंजूर की गई।

(४) विश्वविद्यालय क्षेत्र—

पटना वीमेंस ट्रेनिंग कालेज में ५० सीट बढ़ाए जाने के कारण पटना विश्वविद्यालय को ४,२६० रु० अनुदान मंजूर किया गया।

राज्य सरकार ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग को कामेश्वर सिंह दरभंगा (के० एस० डी०) संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा पर होनेवाले खर्च के लिए ४२,००० रु० का अनुदान मंजूर किया।

दरभंगा जिले में, निदेशक, रूरल इंस्टिच्यूट, बिरौली के कार्यालय के लिए स्थायी अग्रिम के रूप में ४०० रु० की रकम की स्वीकृति दी।

(५) शिक्षक प्रशिक्षण-क्षेत्र—

पटना वीमेंस ट्रेनिंग कालेज में ५० सीटें बढ़ाने के कारण पटना विश्वविद्यालय को ४,२६० रु० का अनुदान मंजूर किया गया।

राज्य सरकार ने वीमेंस टीचर्स ट्रेनिंग स्कूल, मुजफ्फरपुर की चहारदीवारी को ऊंचा करने की स्कीम मद्धे २७,४७८ रु० के खर्च की मंजूरी पुनरीक्षित की। शिक्षक प्रशिक्षण स्कूल की परीक्षा, जिसे पहले बुनियादी शिक्षा बोर्ड संचालित करती थी, अधिसूचना सं० १३२९, दिनांक २ मई १९६३ के अधीन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित होने लगी।

राज्य सरकार ने रिफॉर्मेटरी स्कूल, हजारीबाग की उस प्रशाखा को, जो शिक्षकों को शिल्प का प्रशिक्षण दिया करती है, १,३०,७८० रु० के खर्च पर १ मार्च १९६३ से एक वर्ष तक चालू रखने की मंजूरी दी।

राज्य सरकार ने १५,७०० रु० के खर्च पर १ अप्रील १९६३ से एक वर्ष के लिए, भागलपुर जिलान्तर्गत नगरपारा शिक्षक-प्रशिक्षण स्कूल में शिक्षकों को कृषि में प्रशिक्षण देने की स्कीम चालू रखने की मंजूरी दी।

योग्यता-सह-निर्धनता छात्रवृत्ति के लिए ७२,००० रु० की स्वीकृति दी गई।

३१ मार्च १९४९ तक मान्यताप्राप्त स्कूलों में काम करनेवाले शिक्षकों और लिपिकों को १ अप्रील १९४९ से पुनरीक्षित वेतनमान के अनुसार वेतन देने के लिये दूसरी किश्त के रूप में, ४ लाख रुपए का एकमुश्त अनुदान दिया गया।

३१ मार्च १९४९ के बाद और ३१ मार्च १९५७ तक मान्यताप्राप्त हाई स्कूलों को अनुदान देने के लिये, दूसरी किश्त के रूप में ४,६८,२०० रु० की एक मुश्त स्वीकृति दी गई।

१ जनवरी १९५१ के बाद और १९५६-५७ के सत्र तक मान्यताप्राप्त उच्च हाई स्कूलों के शिक्षकों और लिपिकों को, प्रति शिक्षक प्रतिमास १२ रु० की दर से भुगतान करने के लिए, दूसरी किश्त के रूप में १,६५,७९२ रु० की मंजूरी दी गई।

३१ मार्च १९५७ तक अभिज्ञात विद्यालयों को देने के लिए, दूसरी किश्त के रूप में, एकमुश्त अनुदान के तौर पर २,८५,२५० रु० की राशि मंजूर की गई।

२० सरकारी साहाय्यित उच्चतर माध्यमिक स्कूलों को आवर्त्तक अनुदान देने के लिये, दूसरी किश्त के रूप में २५,६५६ रु० की राशि मंजूर की गई।

गैर-सरकारी उच्च (हाई) उच्चतर एवं बहूद्देशीय माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों और लिपिकों को अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने के लिए, राज्य सरकार ने ३१ लाख रु० की रकम की मंजूरी दी।

पुरुषों और महिलाओं के गैर-सरकारी प्रशिक्षण स्कूलों के प्रशिक्षणार्थियों और शिक्षकों को वृत्तिका, वेतन और महंगाई भत्ता देने के लिये ४४,८१६ रु० वितरित किए गए।

दरभंगा जिले में, शिक्षक-प्रशिक्षण-स्कूल, शाहपुर पटोरी के लिए ८ एकड़ जमीन अर्जित करने के निमित्त २४,०३२ रु० का खर्च मंजूर किया गया।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को शिक्षक प्रशिक्षण स्कूल की परीक्षा के संचालन के लिये १,७२,६०३ रु० मंजूर किए गए।

शिक्षक प्रशिक्षण कालेज, रांची और भागलपुर के विस्तार सेवा विंग के यात्रा और महंगाई भत्ते के भुगतान के लिए १२,००० रु० की रकम मंजूर की गई।

(६) **बालिका शिक्षा क्षेत्र—**

महिला मिडिल स्कूल, कदमकुआं, पटना के लिए २,७७८ रु० के अनुदान की मंजूरी दी गई।
छात्राओं को योग्यता-सह-निर्धनता छात्रवृत्ति देने के लिये १,२६,००० रु० की राशि स्वीकृत की गई।

(७) **सांस्कृतिक और शोध क्षेत्र—**

हाई स्कूलों के छात्रों के सांस्कृतिक विकास के लिये सभी क्षेत्रीय उप-शिक्षा निदेशकों और विद्यालय-निरीक्षिकाओं को ५,००० रु० आवंटित किए गए।

(८) **प्राच्य-शिक्षा क्षेत्र (ओरिएंटल एडुकेशन सेक्टर)—**

१० गैर-सरकारी संस्कृत हाई स्कूलों में नया पाठ्यक्रम लागू करने के लिये राज्य सरकार ने ४८,००० रु० की रकम मंजूर की।

(९) **विशेष वर्गीय एवं जनजातीय शिक्षा क्षेत्र—**

मिडिल स्कूलों में पढनेवाले अनुसूचित जन-जातियों के छात्रों की निःशुल्क शिक्षा मद्धे फीस की हानि को पूरा करने के लिये अनुदान के रूप में २,०१,९८४ रु० की मंजूरी दी गई। यह अनुदान विभिन्न जिला शिक्षा-निधियों में आनुपातिक रूप से जमा की गई।

(१०) **प्रकीर्ण शैक्षिक कार्य—**

बाल अपचारी केन्द्र (सेन्टर आफ जुवेनाइल डेलिक्वेन्ट्स), हजारीबाग से सम्बद्ध सहायक भवन (ओक्जीलियरी होम) में रहनेवाले निर्धन और मेधावी छात्रों के लिए वृत्तिका के रूप में १,८०० रु० की मंजूरी दी गई।

सैनिक स्कूल, तिलैया के प्राचार्य ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। नामांकन और स्टाफ की नियुक्ति के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गए थे। परीक्षा के लिए आवश्यक प्रबन्ध किए गए।

इस स्कूल में भरती के लिए १४ जिलों में चुनाव की प्रतियोगिता परीक्षा हुई। प्रमंडल-स्तर पर, व्यक्तित्व-जांच का आयोजन किया गया, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, उप-सचिव, शिक्षा विभाग और प्राचार्य, सैनिक स्कूल, तिलैया ने भाग लिया।

रिफार्मेटरी स्कूल, हजारीबाग में बाल-सुधार केन्द्र की योजना एक वर्ष तक चालू रखने के लिये राज्य सरकार ने उस स्कूल को ६६,५०० रु० की रकम मंजूर की।

शिक्षकों को शिल्प का प्रशिक्षण देने के निमित्त विशेष इकाई को १ मार्च १९६३ से एक वर्ष तक चालू रखने के लिये राज्य-सरकार ने १,३०,७८० रु० की रकम मंजूर की।

राज्य सरकार ने एन० सी० सी० के अधीन एक सीनियर डिवीजन और तीन जूनियर डिवीजन नेवी यूनिटों को चालू रखने की स्वीकृति दी।

१० एन० सी० सी० राइफल्स बटालियन और १२१ एन० सी० सी० राइफल्स को चालू रखने के लिये ५६,७६६ रु० मंजूर किए गए।

राज्य सरकार ने ४२ जूनियर डिवीजन (बालक), एन० सी० सी० को चालू रखने की स्वीकृति दी।

राज्य सरकार ने एन० सी० सी० राइफल्स की १५० कम्पनी और १३ बटालियन हेडक्वार्टर्स को चालू रखने की स्वीकृति दी।

राज्य सरकार ने एन० सी० सी० कैडेटों को उपहारादि के लिये और नई दिल्ली में हुई स्वातंत्र्य-दिवस-परेड में एन० सी० सी० कंटिजेंट में भाग लेने के लिए भी रुपए मंजूर किए।

राज्य भर में राष्ट्रीय शारीरिक दक्षता आन्दोलन बड़े पैमाने पर चलाया गया। १६२ क्षेत्रों में जांच के आयोजन किए गए, जिसमें ५०,००० लोगों ने भाग लिया।

पटना कौलेजिएट स्कूल के परिसर में कसरती (एथलेट्स) लोगों का एक राज्य-स्तरीय शिक्षण-शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालयों से संबद्ध २५ कसरतियों को भरपूर प्रशिक्षण दिया गया।

इलाहाबाद में आयोजित अखिल भारतीय स्कूल चैम्पियनशीप में १५ प्रशिक्षित कसरतियों (एथलेटों) को भेजा गया। एक कसरती १९६३ का सर्वश्रेष्ठ कसरती घोषित किया गया।

पाठ्य-पुस्तकों के प्रकाशन और बिक्री को संगठित करने के लिये ५,००,००० रु० की रकम मंजूर की गई।

राज्य सरकार ने ७ एन०सी०सी० राइफल्स बटालियनों और ८८ एन० सी० सी० राइफल्स को चालू रखने के लिए ४,७७,००४ रु० की रकम मंजूर की।

राज्य सरकार ने ३१० एन० सी० सी० प्लाटून्स को १९६३-६४ में चालू रखने के लिये २,९२,००० रु० की रकम मंजूर की।

श्री एम० क्यू० दोजा १० मई १९६३ से ६ मास के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त किए गए।

अध्याय २

शिक्षा-कार्मिक और संगठन

संगठन ।

२.१ । अन्य राज्यों की तरह, इस राज्य में भी शिक्षा विभाग के प्रधान एक मंत्री हैं । आलोच्य अवधि में श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह शिक्षा के प्रभारी रहे । इसके अतिरिक्त, वे कृषि और स्थानीय स्व-शासन के भी प्रभारी थे । साथ ही, उन्हें एक राज्य मंत्री श्री गिरीश तिवारी की सहायता प्राप्त होती रही ।

२.२ । मंत्री की सहायता स्थायी सिविल सेवकों का एक ग्रूप करता है, जो सचिव, उप-सचिव और अवर-सचिव के पदों पर नियुक्त रहते हैं । शिक्षा सचिवालय उन्हीं से संघटित होता है । इस सचिवालय से सम्बद्ध स्थायी सिविल सेवकों ने मंत्री को सलाह देने का और सरकार के आदेशों का अंजाम देने का भी काम किया ।

२.३ । सचिवालय में, निबन्धक की अध्यक्षता में बहुतेरे अनुसचिवीय स्टाफ ने, प्रशासन के संचालन में सरकार की सहायता की ।

२.४ । नीचे दिये गये आरेख से, आलोच्य वर्ष में सरकारी स्तर के संगठनात्मक ढांचे का चित्र मिलेगा :—

राज्य शिक्षा विभाग

१ । सरकारी स्तर पर संगठन ।

मंत्री—

श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह

राज्य-मंत्री—

श्री गिरीश तिवारी

सचिव—

(१) श्री एस० सहाय, आई०ए०एस०
(२) श्री एम० आलम, आई०ए०एस०

उप-सचिवगण—

(१) श्री के० एम० जुबेरी
(२) श्री एम० पी० एन० शर्मा
(३) श्री आर० आर० प्रसाद
(४) श्री के० प्रसाद
(५) श्री एल० बी० शरण

अवर-सचिव—

श्री एस० नाथ

२.५ । शिक्षा विभाग तीन निदेशालयों में विभक्त है :—

(१) लोक-शिक्षा-निदेशालय,
(२) समाज एवं युवा-कल्याण निदेशालय, और
(३) पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय ।

तीनों निदेशालय अलग-अलग निदेशकों के जिम्मे रखे गये । आलोच्य अवधि में श्री के० अहमद, बी०ए० (कैंटब) लोक शिक्षा निदेशक के पद पर बने रहे ।

(२) विभागीय स्तर पर संगठन

२.६। लोक-शिक्षा-निदेशक
श्री के० अहमद, बी०ए० (कैंटब)

निदेशक, समाज एवं युवा कल्याण
श्री नवल किशोर गौड़, एम०ए०

निदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय
डॉ० बी०पी० सिन्हा, एम०ए०, पी-एच०डी०।

२.७। **सचिवालय और विभाग स्तर पर कार्यालय-संगठन**—राज्य-मुख्यालय में शिक्षा-विभाग के दो सेट अनुसचिवीय स्टाफ हैं। एक सेट सचिवालय-स्थापना का है और दूसरा सेट निदेशालय-स्थापना का। अब ये दोनों सेट (१९५६ में ही) समामेलित कर दिए गए और लोक-शिक्षा-निदेशक के प्रभाराधीन रखे गए हैं।

२.८। यह स्टाफ नौ प्रशाखाओं में बंटा रहा, जिसका ब्योरा इस प्रकार है :—

प्रशाखा १—राजपत्रित स्टॉफ की सेवा-शर्तें, विश्वविद्यालय-शिक्षा, प्रशिक्षण कॉलेज, उच्चतर विद्या-संस्थान।
प्रशाखा २—माध्यमिक शिक्षा।
प्रशाखा ३—प्रशिक्षण स्कूल, बुनियादी स्कूल।
प्रशाखा ४—बजट।
प्रशाखा ५—मुख्यालय-स्थापना, छात्रवृत्ति।
प्रशाखा ६—बालिका-शिक्षा, प्राच्यविद्या-शिक्षा।
प्रशाखा ७—प्राथमिक शिक्षा।
प्रशाखा ८—अंकेक्षण।
प्रशाखा ९—एन०सी० सी०, शारीरिक शिक्षा।

२.९। **लोक-शिक्षा निदेशक**—लोक-शिक्षा निदेशक राज्य सरकार के मुख्य शिक्षा-सलाहकार बने रहे। काम बहुत अधिक रहने के कारण, प्राथमिक शिक्षा, अपर लोक-शिक्षा-निदेशक के स्वतंत्र प्रभार में रहा।

२.१०। इनके अतिरिक्त, आलोच्य अवधि में, ८ उप-शिक्षा-निदेशक और ७ सहायक-शिक्षा-निदेशक तथा निम्नलिखित पदाधिकारी भी थे :—

(१) लोक-शिक्षा-निदेशक के निजी सहायक ;
(२) सामान्य प्रशासक ;
(३) सहायक अभियन्ता ;
(४) सांख्यिकी पदाधिकारी।

२.११। आलोच्य अवधि में इन पदों को धारण करने वाले पदाधिकारियों और उनके वेतनमानों का परिचय नीचे अंकित आरेख से मिलेगा—

आरेख

लोक-शिक्षा-निदेशालय, बिहार का संगठनात्मक ढांचा

लोक-शिक्षा-निदेशक, बिहार (१,९५०—२,२५० रु०)।

अपर लोक-शिक्षा-निदेशक—

(१) श्री एस०एम० अहमद
(२) श्री एस०बी०शरण, आई०ए०एस०
(१,२००—१,७०० रु० तथा १५० रु० विशेष वेतन प्रतिमास)।

उप-शिक्षा-निदेशक—

(१) उ०शि०नि० (सामान्य)—श्री ए० पी० श्रीवास्तव।
(२) उ०शि०नि० (प्रशासन)—श्री ए० के० चटर्जी।
(३) उ०शि०नि० (योजना)—श्री सन्त प्रसाद।
(४) उ०शि०नि० (बु० एवं प्रा० १)—श्री एच० एन० ठाकुर।
(५) उ०शि०नि० (बु० एवं प्रा०२)—श्री बी० पाण्डेय।
(६) उ०शि०नि० (माध्यमिक)—श्री आर०एस० सिंह।
(७) उ०शि०नि० (एन०सी०सी०)—श्री आर० आर० प्रसाद।
(८) उ०शि०नि० (बालिका)—श्रीमती लीला बनर्जी।
(४५०—१,२५० रु० तथा १५० रु० विशेष वेतन)।

सहायक शिक्षा निदेशक

(१) स०शि०नि० (बु० एवं प्रा० १)—श्री के० सी० मिश्र ।
(२) स०शि०नि० (बु० एवं प्रा० २)—श्री नन्दजी सिंह ।
(३) स०शि०नि० (बु० एवं प्रा० ३)—श्री एस० के० सिंह ।
(४) स०शि०नि० (संस्कृत)—श्री आर० पी० शर्मा ।
(५) स०शि०नि० (इस्लामी)—श्री एस० अहमद ।
(६) स०शि०नि० (समाज एवं युवा-कल्याण)—श्री एम० पी० श्रीवास्तव ।
(७) स०शि०नि० (माध्यमिक)—श्री एस० एन० सिंह ।
(८) स०शि०नि० (एन०सी०सी०)—डा० एस० के० सिंह ।
(३२५—९८० रु० तथा ७५ रु० विशेष वेतन) ।

आलोच्य अवधि में, निदेशालय-स्तर पर, जिन अन्य पदाधिकारियों ने लोक-शिक्षा-निदेशक की सहायता की, वे निम्नलिखित हैं :—

(१) लोक-शिक्षा-निदेशक के निजी सहायक—(३००—७५० रु०)—श्री पी० सी० बरारी ।
(२) सामान्य प्रशासक—(२९०—६५० रु०)—श्री एस० डी० सिंह ।
(३) सहायक अभियन्ता—(३२५—९८५ रु०)—श्री शौकत अली ।
(४) सांख्यिकी पदाधिकारी (२९०—६५० रु०)—श्री आर० शरण ।

२.१२ । **समाज एवं युवा-कल्याण निदेशालय**—यह निदेशालय श्री नवल किशोर गौड़, एम०ए० के नियंत्रणाधीन रहा है, जो कि बिहार शिक्षा सेवा श्रेणी-१ के सदस्य हैं । उनकी सहायता सहायक शिक्षा निदेशक ने की, जो बिहार-शिक्षा-श्रेणी २ का पद है । आलोच्य अवधि में श्री एम०पी० श्रीवास्तव ने यह पद धारण किया । इसके अतिरिक्त, तीन पदाधिकारियों ने भी निदेशक के उत्तरदायित्वों के निर्वहण में योगदान दिया ।

२.१३ । पुस्तकालय-अधीक्षक का जिन्होंने राज्य में पुस्तकालय सेवा को संगठित किया, पद आलोच्य अवधि में निम्नलिखित व्यक्तियों ने धारण किया :—

(१) श्री जयदेव मिश्र ।
(२) श्री बन्धु प्रसाद ।
(३) श्री भगवान प्रसाद ।

२.१४ । प्रकाशन-पदाधिकारी का, जो समाज एवं युवा-कल्याण साहित्य के प्रकाशन के प्रभारी रहे, पद आलोच्य अवधि में निम्नलिखित व्यक्तियों ने धारण किया :—

(१) श्री राम रेखा सिंह ।
(२) श्री पी० एन० शर्मा ।
(३) श्री सुरेश्वर पाठक ।

२.१५ । दृश्य-श्रव्य शिक्षा पदाधिकारी, अनुदेश संबंधी सामग्री और प्रणाली के प्रभारी रहे । आलोच्य अवधि में श्री राजेन्द्र प्रसाद ने यह पद धारण किया ।

२.१६ । **पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय**—डॉ० बी० पी० सिन्हा, एम०ए०, पी-एच०डी०, निदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय के पद के अंशकालीन प्रभारी रहे । वे बिहार शिक्षा सेवा श्रेणी-१ के सदस्य हैं और पटना विश्वविद्यालय में प्राध्यापक हैं । वे इस निदेशालय के प्रधान रहे और सरकार के प्रति सीधे उत्तरदायी रहे । उनके मार्गदर्शन में प्राचीन स्थलों की खुदाई और खोज का कार्य संचालित करने में, और राज्य के पुरातन स्मारकों की सुरक्षा के विषय में उन्हें सलाह देने में उनकी सहायता एक संरक्षण पदाधिकारी (श्री लाला आदित्य नारायण) और दो खुदाई एवं खोज पदाधिकारियों (डॉ० सीताराम राय, एम०ए०, पी-एच०डी० और डॉ० बी०एस० वर्मा) ने की ।

शिक्षा-सेवा

२.१७ । शिक्षा-सेवा को मोटा-मोटी (क) राज्य-शिक्षा-सेवा (श्रेणी १ और श्रेणी-२—राजपत्रित) और (ख) अवर-शिक्षा-सेवा (अराजपत्रित) दो वर्गों में बांटा जा सकता है, जो विभिन्न संवर्गों में और विभिन्न वेतनमानों में बटे हैं ।

२.१८। प्रशासनिक ढांचे में, प्रथम श्रेणी राजपत्रित पंक्तियों में लोक-शिक्षा निदेशक, अपर-लोक-शिक्षा निदेशक, उप-शिक्षा निदेशक क्षेत्रीय उप-शिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा-पदाधिकारी और विद्यालय-निरीक्षका शामिल हैं।

प्रशासनिक ढांचे में, द्वितीय श्रेणी राजपत्रित पंक्तियों में जिला-शिक्षा-अधीक्षक, विद्यालय जिला-निरीक्षक और अनुमंडलीय शिक्षा पदाधिकारी आते हैं। समान्यत: मिडिल स्तर तक शिक्षा-तंत्र का प्रशासन, अराजपत्रित उत्कृष्ट पंक्ति की सेवा वाले कार्मिकों द्वारा सम्पन्न होता है, यथा विद्यालय-उप-निरीक्षिका, विद्यालय-उप-निरीक्षक, बुनियादी शिक्षा के उप-अधीक्षक, सामान्य शिक्षा के उप-अधीक्षक जो जिला-शिक्षा-अधीक्षक से सम्बद्ध हैं।

२.१९। सबसे निचली पंक्ति में प्रखंड-शिक्षा-विस्तार-पदाधिकारी हैं, जिनका प्राथमिक उत्तरदायित्व है प्राथमिक स्कूल का पर्यवेक्षण और निरीक्षण।

२.२०। राज्य-मुख्यालय के प्रशासनिक ढांचे की रूपरेखा प्रस्तुत करने के बाद, अब प्रमंडल-स्तर तक के प्रशासनिक ढांचे की रूपरेखा दी जाती है।

२.२१। प्रमंडल में उच्चतम पदाधिकारी हैं क्षेत्रीय उप-शिक्षा निदेशक। राज्य में चार प्रमंडल हैं; इसलिए चार क्षेत्रीय उप-शिक्षा निदेशकों ने काम किया। आलोच्य अवधि में निम्नलिखित व्यक्तियों ने क्षेत्रीय उप-शिक्षा-निदेशक के पदों पर काम किया :--

तिरहुत प्रमंडल	.. ..	(१) श्री एच० चौधरी। (२) श्री वी० पाण्डेय। (३) श्री बी० एम० शर्मा।
पटना प्रमंडल	.. ..	(१) श्री जे० मिश्र।
भागलपुर प्रमंडल	.. ..	(१) श्री एम० रहमान। (२) श्री वी० पाण्डेय। (३) श्री एच० चौधरी।
छोटानागपुर प्रमंडल	.. ..	(१) श्री सी० पी० सिंह।

२.२२। चार प्रमंडलों में १७ जिले थे, जिनमें से हरेक जिला, जिला-शिक्षा-पदाधिकारी (बिहार-शिक्षा-सेवा श्रेणी १) के प्रभाराधीन था। जिला-शिक्षा-पदाधिकारी क्षेत्रीय उप-शिक्षा निदेशक के प्रत्यक्ष नियंत्रण में रहे।

२.२३। प्रमंडल-स्तर पर, प्रमंडलीय बुनियादी शिक्षा अधीक्षक और प्रमंडलीय समाज एवं युवा कल्याण पदाधिकारी ने अपने-अपने क्षेत्रों में अर्थात् बुनियादी और समाज एवं युवा-कल्याण विषयक कार्यों में क्षेत्रीय उप-शिक्षा-निदेशक की सहायता की।

२.२४। जहां तक बालिका शिक्षा की बात है, बालिका माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के नियंत्रण और निरीक्षण के लिए केवल एक ही पदाधिकारी विद्यालय-निरीक्षिका थीं। आलोच्य अवधि में श्रीमती उमा सिन्हा ने यह पद धारण किया था।

२.२५। जिला-स्तर पर, जिला-शिक्षा-पदाधिकारी (बिहार-शिक्षा-सेवा श्रेणी १) थे, जो जिले की सभी प्रकार की शिक्षण-संस्थाओं के लिए उत्तरदायी रहे। जिलों में कई अनुमंडल हैं, और हरेक अनुमंडल, अनुमंडलीय शिक्षा-पदाधिकारी के प्रभाराधीन था। प्रखंड-शिक्षा-विस्तार-पदाधिकारी से लेकर, विद्यालय-उप-निरीक्षक, अनुमंडलीय शिक्षा-पदाधिकारी और जिला-शिक्षा-अधीक्षक, आदि पदों से होते हुए जो विशाल प्रशासनिक पदानुक्रम फैला है, उसके शीर्षस्थ पदाधिकारी थे जिला-शिक्षा-पदाधिकारी। यद्यपि विद्यालय-जिला-निरीक्षिकाएं, बालिका-संस्थाओं की स्वतंत्र प्रभारी थीं, फिर भी उन्होंने आम तौर पर जिला-शिक्षा-पदाधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त किए।

२.२६। राज्य के ५८ अनुमंडल, अनुमंडलीय शिक्षा-पदाधिकारी के प्रभाराधीन रहे। अनुमंडलीय शिक्षा पदाधिकारी अनुमंडल की सभी प्रकार की शिक्षण-संस्थाओं के कुशल कार्यचालन के लिए उत्तरदायी बने रहे। उनके अधीन विद्यालय-उप-निरीक्षिकाएं (जो कम-से-कम ४० मिडिल स्कूलों की प्रभारी थीं) और प्रखंड स्तर पर बहुतेरे प्रखंड-शिक्षा-विस्तार पदाधिकारी थे। प्राथमिक स्कूलों की संख्या के आधार पर, कुछ प्रखंडों में एकाधिक प्रखंड शिक्षा-विस्तार-पदाधिकारी रखे गए। सामान्यतया, हर ५०—६० प्राथमिक स्कूलों पर एक प्रखंड शिक्षा-विस्तार पदाधिकारी रखे गए थे। आलोच्य अवधि में ४१ विद्यालय-उप-निरीक्षिकाएं पर्दानशीन बालिका प्राथमिक स्कूलों और सभी प्रकार की बालिका मिडिल स्कूलों की प्रभारी रहीं। इस प्रकार, १९६४-६५ में, अवर-शिक्षा-सेवा के उच्च वर्ग में निरीक्षण-पदाधिकारियों की संख्या १०७ थी। इसी प्रकार, १९६४-६५ में, अवर-शिक्षा-सेवा के निम्न वर्ग में निरीक्षण-पदाधिकारियों की संख्या ८०८ थी।

२.२७। निम्न संरेख में, जिला और नीचे के स्तरों का प्रशासनिक ढांचा दिखाया गया है :—

जिला-स्तर।	पुरुष शाखा-सामान्य शिक्षा।	महिला शाखा।	समाज-शाखा।
१। उच्च (हाई)/उच्चतर माध्यमिक।	जिला शिक्षा पदाधिकारी (१७) (श्रेणी--१) बालक और मिश्रित स्कूलों के लिए—		
उप-अधीक्षक (शारीरिक शिक्षा) (अवर-शिक्षा-सेवा-उच्च वर्ग)।	उप-अधीक्षक, बुनियादी शिक्षा (अवर-शिक्षा-सेवा-उच्च वर्ग)।	नगर-निगम। जिला परिषद्।	जिला-शिक्षा-अधीक्षक (श्रेणी-२) उप-शिक्षा-अधीक्षक (सामान्य) अवर-शिक्षा-सेवा-उच्च वर्ग।)
			विद्यालय--जिला--निरीक्षिका, बालिका विद्यालयों के लिए (श्रेणी-२)
			जिला-समाज एवं युवा-कल्याण पदाधिकारी (वि० शि० से० श्रेणी-२ कनीय)
अनुमंडल स्तर			
(१) मध्य/गैर-सरकारी उच्च विद्यालय (हाई स्कूल)।	अनुमंडलीय शिक्षा-पदाधिकारी (श्रेणी-२)।		
			विद्यालय उप-निरीक्षिका, केवल मुफस्सिल अनुमंडल में-- (अ०शि०से०) (उच्च वर्ग)।
बहुतेरे प्रखंड			
(१) मिडिल स्कूल	विद्यालय-उप-निरीक्षिका (अ०शि०से०) (उच्च वर्ग)।		
(२) संस्कृत टोल एवं पाठशाला।			
प्रखंड स्तर।			
(१) प्राथमिक स्कूल।	विद्यालय-अवर-निरीक्षिका/प्रखंड शिक्षा-विस्तार पदाधिकारी (अ०शि०से० उच्च वर्ग एवं अ० शि० से० निम्न वर्ग)।	प्रखंड विकास पदाधिकारी (राजपत्रित पंक्ति)	पुरुष समाज-शिक्षा-संगठन महिला समाज-शिक्षा संगठक (अ०शि०से० उच्च वर्ग)।

अध्याय ३

प्राथमिक शिक्षा

१ । प्रशासन एवं नियंत्रण

३.१। पांच वर्ग तक की शिक्षा निःशुल्क करने की राज्य सरकार की घोषणा के साथ ही, ऐसे विद्यालय खोलने और चलाने का गैर-सरकारी उद्यम घटता जा रहा है। प्राथमिक स्कूलों के प्रशासन और नियंत्रण में, स्थानीय स्वशासन (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, १९५४ के द्वारा, महत्वपूर्ण परिवर्त्तन लाए गए। जिला-शिक्षा-अधीक्षक अब जिला-शिक्षा-निधि प्रचालित कर रहे हैं और जिला-बोर्डों के प्रशासकों की सलाह से, ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रकार की प्राथमिक स्कूलों का प्रबन्ध कर रहे हैं। इनमें ऐसे प्राथमिक स्कूल भी शामिल हैं जिनके प्रबन्ध की प्रत्यक्ष जिम्मेवारी जिला बोर्डों और यूनियन बोर्डों पर रहती थी। शहरी क्षेत्रों के स्कूलों पर नगरपालिका आयुक्त परिषद् की कार्यपालिका का नियंत्रण बना रहा, जिन नगरपालिकाओं की निर्वाचित कार्यपालिका विशेष पदाधिकारी द्वारा अधिक्रान्त न हुई थी। जहां की नगरपालिका अधिक्रान्त हो गई थी वहां, ऐसे स्कूलों का नियंत्रण और प्रबन्ध विशेष पदाधिकारी ने, शिक्षा विभाग के उन पदाधिकारियों की सहायता से किया, जो उन क्षेत्रों में पदस्थापित थे और जिनका कर्त्तव्य था शिक्षा-बजट बनाना तथा इन संस्थाओं का पर्यवेक्षण करना। १९६३-६४ और १९६४-६५ के दौरान, कई नगरपालिकाएं अधिक्रान्त हुईं।

३.२। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजतियों, पिछड़े मुस्लिमों और पिछड़े हिन्दुओं आदि के बच्चों के विशेष स्कूलों को, पहले-जैसा, जिला-शिक्षा-अधीक्षक के द्वारा, ऐसे स्कूलों के लिए खासतौर पर दिए गए अनुदान से चलाया गया।

३.३। इन विद्यालयों के सामान्य पर्यवेक्षण, निरीक्षण और मार्गदर्शन की जिम्मेवारी, प्रखंड स्तर पर, प्रखंड-शिक्षा-विस्तार पदाधिकारियों पर रही। प्राथमिक स्कूलों की सामान्य स्थिति संगठित करने और उसमें सुधार लाने की दिशा में उन्होंने अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन भली-भांति किया। इसके लिए उन्होंने स्थानीय जनता से बारम्बार और समय पर सम्पर्क स्थापित किया और स्थानीय समितियां बनाईं ताकि स्कूलों के भौतिक वातावरण में सुधार लाने की दिशा में जनता का सक्रिय सहयोग सुलभ हो सके।

३.४। विद्यालय उप-निरीक्षक, प्रखण्ड-शिक्षा-विस्तार-पदाधिकारियों के नियंत्रण-पदाधिकारी रहे। इस लिए उन्होंने भी अपने क्षेत्र के कई प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया और इस प्रकार प्राथमिक स्कूलों पर उनका सामान्य पर्यवेक्षण रहा। इसी प्रकार, मुफस्सिल अनुमण्डलों में, विद्यालय-उप-निरीक्षिका के पद का सृजन जब से हुआ तब से पर्दानशीन बालिका प्राथमिक स्कूलों का निरीक्षण सम्पूर्णतः उन्ही की जिम्मेदारी रही। जिलों के सदर अनुमण्डलों में इस प्रकार के स्कूलों का निरीक्षण-कार्य जिला-विद्यालय-निरीक्षिका द्वारा किया गया। इन महिला-पदाधिकारियों ने अपनी अधिकारिता के भीतर पड़ने वाले सामान्य बालिका प्राथमिक स्कूलों पर भी सामान्य पर्यवेक्षण रखा। अनुमण्डलीय शिक्षा पदाधिकारी अपने क्षेत्र में पड़नेवाली सभी प्रकार की शिक्षा-संस्थाओं (जिनमें प्राथमिक स्कूल भी शामिल हैं) के समग्र रूप से प्रभारी रहे। इस प्रकार, उन्होंने भी, अपने क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों के कुशल कार्यचालन की जिम्मेदारी में योगदान किया। इन प्रखण्ड-शिक्षा विस्तार-पदाधिकारियों ने, उच्चतर स्तर के विभिन्न पदाधिकारियों से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किये और उनका निकट पर्यवेक्षण उन्हें सुलभ हुआ। निदेशालय-स्तर पर, अपर-लोक-शिक्षा-निदेशक इस शाखा के अनन्य प्रभारी रहे, जिन्होंने अपने दौरों के सिलसिले में इन स्कूलों से सम्बद्ध पदाधिकारियों के कार्यों का पर्यवेक्षण किया। विद्यालय-भवनों की रूपरेखा में उनकी विशेष रुचि रही।

२ । विद्यालय-वर्गों की स्कीम

३.५। राज्य में प्राथमिक शिक्षा देनेवाली संस्थाओं का वर्गीकरण निम्न प्रकार किया जा सकता है :—

(क) निम्न प्राथमिक स्कूल (लोअर प्राइमरी स्कूल) तीन वर्गों वाला—वर्ग १ से ३ तक (संथाल परगना में पहाड़िया लोगों के लिए शिशु वर्ग भी)।

(ख) उच्च प्राथमिक स्कूल (अपर प्राइमरी स्कूल) पांच वर्गों वाला—वर्ग १ से ५ तक (संथाल परगना में पहाड़िया लोगों के लिए शिशु वर्ग भी)।

(ग) कनीय बुनियादी स्कूल, पांच कोटियों वाला—कोटि १ से ५ तक।

(घ) उच्च (हाई), मिडिल और वरीय बुनियादी स्कूलों से सम्बद्ध प्राथमिक वर्ग।

(ङ) आंग्ल-भारतीयों और यूरोपीयों के लिए स्कूलों में प्राथमिक वर्ग।

३.६। अधिक शिक्षकों का उपबन्ध करने और ३४ छात्रों पर १ शिक्षक के अनुपात में अधिक बालकों को विद्यालय में भर्ती कराने की जो परिकल्पना सरकारी आदेश में की गई है उसका मुस्तैदी से अनुसरण किया गया। इस प्रस्तावित अनुपात को अमल में लाने के विचार से विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षकों को पदस्थापित कर एक शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या घटाने का प्रयास किया गया।

३.७। एक ओर छात्र-संख्या में वृद्धि और दूसरी ओर समुचित स्थान के अभाव ने स्कूल-प्रबन्धकों को बाध्य कर दिया कि दो पाली में विद्यालय चलाने की प्रणाली लागू की जाए और ऐसे विद्यालयों में काम के घंटे नियत कर दिए जाएं। अधिकांश विद्यालयों का कार्य-काल १०.३० बजे पूर्वाह्न से ४.३० बजे अपराह्न तक रहा। विद्यालयों के दैनन्दिन कार्यों में शिक्षानुषंगी कार्य-कलापों को यथोचित स्थान दिया गया।

३। स्कूल

३.८। राज्य के प्राथमिक स्कूलों की संख्या के तुलनात्मक आंकड़े निम्न तालिका में दिए गए हैं :—

प्राथमिक स्कूलों की संख्या जिनमें कनीय बुनियादी और नर्सरी स्कूल भी शामिल हैं।

प्रबन्ध	बालकों के लिए			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २—४
१	२	३	४	५
केन्द्रीय सरकार	८८	९१	९२	(+)४
राज्य सरकार	२६	२२	२६	..
जिला बोर्ड	८,७२१	८,६२३	८,३२८	(—)३९३
नगर बोर्ड	७६९	७६२	७४१	(—)२८
प्राइवेट साहाय्यित ..	२६,२७५	२६,९५८	२८,६९०	+२,४.१५
प्राइवेट असाहाय्यित ..	४५२	४४८	२४०	(—)२१२
कुल	३६,३३१	३६,९०४	३८,११७	(+)१,७८६

प्रबन्ध	बालिकाओं के लिए			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६—८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	..	१	१	(+)१
राज्य सरकार	१	..	२	(+)१
जिला बोर्ड	४३८	४२१	४०८	(—)३०
नगर बोर्ड	२०५	१९९	१९१	(—)१४
प्राइवेट साहायि्यत ..	३,८७१	३,९३३	४,०९२	(+)२२१
प्राइवेट असाहायि्यत ..	५३	५७	४०	(—)१३
कुल ..	४,५६८	४,६११	४,७३४	(+)१६६

३.९। उपर्युक्त तालिका में १९६३-६४ और १९६४-६५ के बालक और बालिका प्राथमिक स्कूलों (जिनमें कनीय बुनियादी स्कूल और नर्सरी शामिल हैं) के प्रबन्धवार तुलनात्मक आँकड़े दिए गए हैं।

३.१०। १९६४-६५ में प्राथमिक स्कूलों की कुल संख्या ४२,८५१ थी (३८,११७ बालकों के लिए और ४,७३४ बालिकाओं के लिए) जब कि १९६३-६४ में कुल प्राथमिक स्कूल ४१,५४० थे (३६,९२९ बालकों के लिए और ४,६११ बालिकाओं के लिए), और १९६२-६३ में कुल प्राथमिक स्कूल ४०,९२९ थे (३६,३५६ बालकों के लिए और ४,५७३ स्कूल बालिकाओं के लिए)। मान्यताप्राप्त प्राथमिक स्कूलों की संख्या बढ़कर कुल १,९४७ हो गई, जिसमें बालक स्कूल १,७८६ बढ़े और बालिका स्कूल १६१ बढ़े। यह प्राथमिक शिक्षा में हुई प्रगति का प्रमाण है। जिला और नगर बोर्डों द्वारा प्रबन्धित तथा प्राइवेट असाहायियत बालक और बालिका स्कूलों की संख्या में गिरावट आई। इसका कारण यह हुआ कि ऐसे बहुतेरे स्कूल विस्तार और सुधार कार्यक्रम के अधीन ले लिए गए।

४। छात्र

३.११। बालक और बालिका प्राथमिक स्कूलों में पढ़नेवाले छात्रों की संख्या के तुलनात्मक आंकड़े निम्न तालिका में दिये गए हैं:—

प्रबन्ध	बालक विद्यालयों में			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
केन्द्रीय	७,०३३	७,८७३	८,१२७	(+)१,०९४
राज्य सरकार	२,१३१	२,०५४	१,८६४	(—)२६७
जिला बोर्ड	९,१६,१८०	९,३९,२२०	८,९०,५७०	(—)२५,६७०
नगर बोर्ड	९५,२२७	९६,१४०	९४,११४	(—)१,११३
प्राइवेट साहायियत ..	१५,२७,८७१	१६,५४,५३३	१७,६४,२७६	(+)२,३६,४०५
प्राइवेट असाहयियत ..	३८,८६९	३९,३९१	२९,०१४	(—)९,८५५
कुल	२५,८७,३११	२७,३९,२११	२७,८७,९०५	(+)२,००,५९४

प्रबन्ध	बालिका विद्यालयों में			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	..	६७	८२	(+)८२
राज्य सरकार	३६	५९	१३६	(+)१००
जिला बोर्ड	२९,७४२	२७,६९९	२६,८६१	(—)२,८८१
नगर बोर्ड	२०,६९४	२०,५१७	२०,५३०	(—)१६४
प्राइवेट साहायियत ..	२,०४,३६०	२,१७,३०९	२,१६,९००	(+)१२,५४०
प्राइवेट असाहायियत ..	२,७३६	३,२८६	२,१५८	(—)५७८
कुल	२,५७,५६८	२,६८,९३७	२,६६,६६७	(+)९,०९९

३.१२। विभिन्न प्रकार के प्राथमिक स्कूलों में (जिनमें कनीय बुनियादी स्कूल भी शामिल हैं) १९६३-६४ और १९६४-६५ में पढ़नेवाले छात्रों की संख्या क्रमशः ३,००,९४८ और ३,०५,४७२ थी।

३.१३। बालक और बालिका स्कूलों में छात्रों की कुल संख्या १९६४-६५ में ३०,५४,५७२ (२७,८७,९०५ बालक और २,६६,६६७ बालिकाएं) और १९६३-६४ में ३०,०९,४८७ (२७,४०,५८० बालक और २६,८९३ बालिकाएं) थी, जब कि १९६२-६३ में कुल संख्या २८,४६,१३९ (२५,८८,५७१ बालक और २,५७,५६८ बालिकाएं) रही। इस प्रकार १९६२-६३ की अपेक्षा छात्र संख्या में २,०८,४३३ (१,९९,३३४ बालक और ९,०९९ बालिकाएं) की वृद्धि हुई।

३.१४। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि राज्य, जिला बोर्ड और नगरपालिका बोर्ड के प्रबन्धाधीन तथा प्राइवेट असाहायियत स्कूलों में छात्र-संख्या में गिरावट आई है। राज्य-प्रबंन्धित स्कूलों की छात्र-संख्या में गिरावट नगण्य है। विद्यालय-प्रबन्ध के अन्य क्षेत्रों में छात्र संख्या में गिरावट का कारण यह हो सकता है कि विभिन्न स्कूलों का प्रसार-सुधार-कार्यक्रम के अधीन ले लिया गया है, जैसा कि विद्यालयों से सम्बन्धित पिछली तालिका में दिखाया जा चुका है। छात्र संख्या में हुई वृद्धि से इस बात का संकेत मिलता है कि अपने बाल-बच्चों को विद्यालयों में शिक्षा दिलाने में जनता की रुचि बढ़ रही है।

५। बर्बादी

३.१५। गतिहीनता और बर्बादी ये दो ऐसे भयानक रोग हैं जो प्राथमिक शिक्षा की जीवनी शक्ति को ही खाते जा रहे हैं। १९६१ में वर्ग १ में पढ़नेवाले १४,७०,५१८ छात्रों (बालकों और बालिकाओं) में से, केवल ३,३८,३४५ छात्र (बालक और बालिकाएं) १९६५ में वर्ग ५ में पढ़े (१९६५ में वर्ग ५ में पढ़नेवाले छात्र वही थे जो १९६१ में वर्ग १ में प्रविष्ट हुए थे)। इससे पता चलता है कि केवल २३ प्रतिशत-छात्रों (बालकों और बालिकाओं) की ही प्रसामान्य प्रगति हुई, शेष ७७ प्रतिशत छात्रों ने या तो पढ़ना छोड़ दिया या नीचे के वर्गों में ही रुके रहे।

६। अनिवार्यता

३.१६। नगर क्षेत्रों में—अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का पहला कार्यक्रम रांची नगरपालिका क्षेत्र में १९२०-२१ में चालू किया गया। तब से यह स्कीम धीरे-धीरे १५ जिला नगरपालिकाओं और लोहरदगा नगरपालिका क्षेत्र में लागू की गई।

१९६३-६४

३.१७। १९६३-६४ में ८७१ संस्थाएं थीं, जहां यह अनिवार्यता लागू थी। इस अनिवार्यता के अनुसार १,०२,२०५ बालकों और १५,९८० बालिकाओं का नामांकन हुआ था। औसत दैनिक उपस्थिति ८०.४ प्रतिशत थी, और इस अनिवार्यता के अनुसार कुल नामांकन, विद्यालय जाने की उम्र बालों की कुल जनसंख्या का ६४.२ प्रतिशत हुआ।

३.१८। विद्यालयों में उपस्थिति का सुनिश्चय करने के लिए दबाव डालने की भी कार्रवाई की गई। ४,८९६ नोटिसें जारी की गईं और २०१ उपस्थिति-आदेश निकाले गए। विद्यालय में उपस्थित नहीं होनेवाले छात्रों के अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित करने के लिए ३९ पुरुष और १ महिला उपस्थिति-पदाधिकारी थी। अनिवार्य शिक्षा की इस स्कीम मद्धे कुल खर्च ३७,७२,११५ रु० तक पहुंच गया।

१९६४-६५

३.१९। १९६४-६५ के दौरान, अनिवार्य शिक्षा की उम्र के अनुसार वर्गों में छात्रों की कुल संख्या १,३८,७२६ थी, जिसमें ९४,००४ बालक थे और ४४,७२२ बालिकाएं। इस अनिवार्यता के अनुसार कुल नामांकन, विद्यालय जाने की उम्र बालों की कुल प्राक्कलित जनसंख्या का ८५.४ प्रतिशत हुआ। इस प्रकार, यद्यपि बालकों की संख्या में ८,२०१ की थोड़ी-सी गिरावट आई, तथापि अनिवार्यता के अनुसार समग्र संख्या में २१.२ प्रतिशत वृद्धि हुई। बालकों के नामांकन में अभाव का कारण यह माना जा सकता है कि शहर के स्कूलों में समुचित स्थान का अभाव था और बहुतेरे नए गैर-मान्यताप्राप्त प्राइवेट विद्यालय खुल गए जिनमें धनी-मानी परिवारों के छात्र चले गए।

बालकों की अनुपस्थिति के विरुद्ध इस वर्ष जारी की गई नोटिसों की संख्या ५५१ थी, जबकि पूर्व वर्ष में ऐसी नोटिसों की संख्या ४,८९६ पहुंच गई थी।

३.२०। १९६४-६५ में ३६ उपस्थिति-पदाधिकारी थे, जिससे पता चलता है कि इस वर्ष इस काम में ४ पदाधिकारियों की कमी हो गई, और यह कमी संभवतः रिक्तियों के नहीं भरे जाने के कारण थी। १९६४-६५ में हुआ कुल खर्च ४१,९८,९०० रु० का था। खर्च में पूर्व वर्ष की अपेक्षा ४,२६,७८५ रु० की जो वृद्धि हुई उसका कारण था पिछले साल वेतनमान में किया गया सुधार।

३.२१। ग्रामीण क्षेत्रों में—६ से १४ वर्ष के आयु वर्ग के बालकों और बालिकाओं की अनिवार्य शिक्षा की स्कीम १९४९ में चम्पारण जिले के वृन्दावन के संहत क्षेत्र में चालू की गई। १९५९ और १९६० के दौरान ६ से ११ वर्ष तक के आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को अनिवार्य शिक्षा देने की स्कीम राज्य के ५३ अनुमण्डलों में से प्रत्येक अनुमण्डल के एक-एक सामुदायिक विकास प्रखंड में चलाई गई। इस प्रकार, इस स्कीम के अधीन ९,००० ग्राम आ गए।

३.२२। १९६४-६५ के दौरान इस अनिवार्यता के अनुसार नामांकित छात्रों की कुल संख्या ४,२२,१६७ हो गई (३,१०,७०३ बालक और ११,१८४ बालिकाएं), जबकि १९६३-६४ के दौरान कुल संख्या ४,४१,८७३ थी (३,२४,४२१ बालक और १,१७,४५२ बालिकाएं)। छात्रों की संख्या में १९,७०६ की कमी उस सामान्य गिरावट के कारण है जो १९६२ में हुए चीनी आक्रमण के समय से विद्यालयों की देखभाल और बालकों-बालिकाओं को प्रेरणा की व्यवस्था में कटौती करने से हो गई।

३,२३। १९६४-६५ के दौरान कुल खर्च ७६,१९,७२१ रु० हुआ जबकि १९६३-६४ में कुल खर्च ६३,९५,५७२ रु० हुआ था।

७। शिक्षक—संख्या, वेतनमान, आदि

३.२४। विभिन्न निकायों द्वारा प्रबन्धित प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की संख्या (प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित अलग-अलग) के तुलनात्मक आंकड़े निम्न तालिका में दिए गए हैं:—

प्राथमिक स्कूलों (कनीय बुनियादी और नर्सरी स्कूलों सहित) में शिक्षकों की संख्या

प्रबन्ध	प्रशिक्षित			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
सरकार	२५२	२६४	२५९	+७
जिला बोर्ड	१८,२२९	१८,३४४	१७,६६९	—५६०
नगर बोर्ड (म्युनिसिपल बोर्ड) ..	२,१३१	२,१०९	२,१२६	—५
प्राइवेट (साहाय्यित) ..	२७,७२०	३०,०९८	३१,७४१	+४,०२१
प्राइवेट (असाहाय्यित) ..	५९४	५६८	४४४	—१५०
कुल	४८,९२६	५१,३८०	५२,२३९	+३,३१३

प्रबन्ध	अप्रशिक्षित			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
सरकार	३१	३०	४३	+१२
जिला बोर्ड	३,१७५	३,१५३	२,९०८	—२६७
नगर बोर्ड (म्युनिसिपल बोर्ड) ..	१,१०८	१,०७८	१,०१८	—९०
प्राइवेट (साहाय्यित) ..	१२,८८८	११,९४९	१४,७६९	+१,८८१
प्राइवेट (असाहाय्यित) ..	५३९	५०४	३३३	—२०६
कुल	१७,७४१	१६,७१४	१९,०७१	+१,३३०

३.२५। उपर्युक्त तालिका में राज्य में विभिन्न प्रबन्धों के अधीन प्राथमिक स्कूलों में १९६२-६३ के मुकाबले १९६३-६४ और १९६४-६५ के दौरान काम करनेवाले प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या का तुलनात्मक विवरण दिया गया है।

१९६४-६५ में प्राथमिक स्कूलों में ५२,२३९ प्रशिक्षित और १९,०७१ अप्रशिक्षित शिक्षक थे। इसी प्रकार १९६३-६४ में प्राथमिक स्कूलों में ५१,३८० प्रशिक्षित और १६,७१४ अप्रशिक्षित शिक्षक थे, जबकि पूर्व वर्ष में प्रशिक्षित शिक्षक ४८,९२६ और अप्रशिक्षित शिक्षक १७,७४१ ही थे। प्राथमिक शिक्षा के प्रसार और सुधार कार्यक्रम के अधीन विद्यालयों को ले लिए जाने के कारण जिला-बोर्ड, नगर-बोर्ड और असाहाय्यित विद्यालयों के शिक्षकों की संख्या में किंचित गिरावट आई है। प्राथमिक शिक्षा के प्रसार और सुधार कार्यक्रम के ही अधीन नए स्कूलों के खोले जाने के कारण १९६२-६३ की अपेक्षा १९६४-६५ में शिक्षकों की संख्या में ४,६४३ की वृद्धि हो गई है।

३.२६। वेतनमान—भारत सरकार की इस सिफारिश पर कि किसी भी अप्रशिक्षित शिक्षक को प्रतिमास ४० रु० से कम और किसी भी प्रशिक्षित शिक्षक को प्रतिमास ५० रु० से कम नहीं मिलना चाहिए, राज्य सरकार ने प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के शिक्षकों का वेतनमान बढ़ाने के लिए कदम उठाए (सरकारी पत्र संख्या ४६८, दिनांक १ सितम्बर १९६१ द्रष्टव्य)।

योग्यता।	पुनरीक्षित वेतनमान।
अप्रशिक्षित मैट्रिक, मध्यमा और मौलवी ..	४५—२—५५—द०रो०—२—७५ रु०।
प्रशिक्षित नन-मैट्रिक	४५—२—५५—द०रो०—२—७५ रु०।
अप्रशिक्षित नन-मैट्रिक और यू०पी० प्रशिक्षित	४०—१—५०—द०रो०—१—६० रु०।

३.२७। वेतन के अतिरिक्त, प्रत्येक शिक्षक को सरकारी मंहगाई भत्ते के रूप में प्रतिमास २० रु० मिलते हैं। इसके अलावा, प्रतिमास ५ रु० उन शिक्षकों को मिलते हैं जिनका वेतन और भत्ता मिलाकर १०० रु० से ऊपर नहीं जाता। मिडिल, अपर प्राइमरी और एकाधिक शिक्षकों वाले लोअर प्राइमरी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को प्रतिमास क्रमशः ५, ३ और २ रु० की दर से प्रधानाध्यापक भत्ता मिलता था।

८। वर्गों का आकार

३.२८। वर्गों का आकार विहित करनेवाले विनियम में आलोच्य अवधि में कोई परिवर्त्तन नहीं हुआ। ४० छात्र प्रति शिक्षक की विहित सीमा की पुष्टि की गई, यद्यपि बहुत अधिक छात्रों वाले स्कूलों को पालियों में चलाना पड़ा।

६। व्यय

३.२६। निम्न तालिका में प्रत्यक्ष व्यय के तुलनात्मक आंकड़े दिए गए हैं :—

प्राथमिक विद्यालय

सभी स्रोतों से प्राथमिक स्कूलों (कनीय बुनियादी विद्यालयों सहित) पर होनेवाला प्रत्यक्ष व्यय

स्रोत	बालक			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
	रु०	रु०	रु०	रु०
केन्द्रीय सरकार	३,११,४६२	३,४५,२२१	४,७५,३२०	+१,६३,८५८
राज्य सरकार	४,४२,५४,७८०	४,७०,५८,८१३	४,९९,६५,१२२	+५७,१०,३४२
जिला-बोर्ड	२१,०२,९१८	२१,६३,९११	२३,३४,३६५	+२,३१,४४७
नगर-बोर्ड	६,५४,६०२	७,१७,३६१	७,२८,५२८	+७३,९२६
फीस	१,१६,४६८	१,२१,९८८	७५,६२४	—४०,८४४
दान	२७,४१८	२६,९१८	९,०३,८५३	—३,१९,०५०
अन्य स्रोत	११,९५,४८५	११,६१,७५७		
कुल	४,८६,६३,१३३	५,१५,९६,०३२	५,४४,८२,८१२	+५८,१९,६७९

स्रोत	बालिका			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
	रु०	रु०	रु०	रु०
केन्द्रीय सरकार	९,३५७	७,२००	..	—९,३५७
राज्य सरकार	४३,४८,५०७	४९,१८,९५२	५४,६१,१६३	+११,१२,६५६
जिला-बोर्ड	२,६७,२४९	२,७५,२६२	२,८३,७७७	+१६,५२८
नगर-बोर्ड	२,२५,१३२	२,२६,४२७	२,२१,४८०	—३,६५२
फीस	..	३,६६५	१,५३०	+१,५३०
दान	३०४	२,१००	९५,९२७	+४,६८१
अन्य स्रोत	७०,९४२	७०,३८३		
कुल	४९,२१,४९१	५५,०४,०४९	६०,४३,८७७	+११,२२,३८६

३.३०। उपर्युक्त तालिका में, बालकों और बालिकाओं की प्राथमिक शिक्षा पर (जिसमें कनीय बुनियादी स्कूल भी शामिल है) १९६३-६४ और १९६४-६५ के दौरान विभिन्न स्रोतों से हुआ कुल प्रत्यक्ष खर्च दिया हुआ है। इस तालिका से स्पष्ट पता चलता है कि बालकों की संस्थाओं में कुल प्रत्यक्ष खर्च जो १९६२-६३ में ४,८६,६३,१३३ रु० था, बढ़कर १९६३-६४ में ५,१५,९६,०३२ रु० और १९६४-६५ में ५,४४,८२,८१२ रु० हो गया। १९६२-६३ के प्रत्यक्ष खर्च की अपेक्षा खर्च में शुद्ध वृद्धि ५८,१९,६७९ रु० की हुई। इसी प्रकार बालिकाओं की संस्थाओं में १९६२-६३ के प्रत्यक्ष खर्च की अपेक्षा १९६४-६५ के प्रत्यक्ष खर्च में शुद्ध वृद्धि ११,२२,३८७ रु० की हुई। खर्च ४९,२१,४९१ रु० से बढ़कर १९६३-६४ में ५५,०४,०४९ रु० और

१९६४-६५ में ६०,४३,८७७ रु० हो गया। फीस और दान तथा कुछ अन्य स्रोतों को छोड़कर, प्रत्येक स्रोत ने खर्च की वृद्धि का भारवहन करने में हिस्सा लिया। इस खर्च का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इस क्षेत्र में भारत सरकार का योगदान बढ़ता गया है।

१०। एक शिक्षक वाले स्कूल

३.३१। निम्न तालिका में इसका तुलनात्मक चित्र मिलेगा कि एक शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या क्या है और ऐसे कितने विद्यालय किनके प्रबन्धाधीन हैं:—

एक शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या

प्रबन्ध	बालक			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
केन्द्रीय सरकार	४१	३८	अनुपलब्ध	..
राज्य सरकार	..	..	..	..
जिला-बोर्ड	२,५११	२,३८९	अनुपलब्ध	..
नगरपालिका-बोर्ड	९७	९३	अनुपलब्ध	..
प्राइवेट साहाय्यित ..	१८,१७३	१८,४६५	अनुपलब्ध	..
प्राइवेट असाहाय्यित ..	२१५	२००	अनुपलब्ध	..
कुल	२१,०३७	२१,१८५	२१,६३४	+५९७

प्रबन्ध	बालिका			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	..	..	अनपलब्ध	..
राज्य सरकार	..	..	..	..
जिला-बोर्ड	२५३	२४४	अनुपलब्ध	..
नगरपालिका-बोर्ड	५८	५३	अनुपलब्ध	..
प्राइवेट साहाय्यित ..	२,९१८	२,९४९	अनुपलब्ध	..
प्राइवेट असाहाय्यित ..	४२	४८	अनुपलब्ध	..
कुल	३,२७१	३,२९४	३,२९०	+१९

एक शिक्षक वाले स्कूलों में नामांकन

प्रबन्ध	बालक			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
केन्द्रीय सरकार	१,८३१	१,९३२	..	..
राज्य सरकार	..	..	..	..
जिला-बोर्ड	१,३४,५०७	१,३१,८३६	अनुपलब्ध	..
नगरपालिका-बोर्ड	४,५८९	४,६१२	अनुपलब्ध	..
प्राइवेट साहाय्यित ..	८,११,०६६	८,४८,१५२	अनुपलब्ध	..
प्राइवेट असाहाय्यित ..	१०,०११	८,९१५	अनुपलब्ध	..
कुल	९,६२,००४	९,९५,४४७	अनुपलब्ध	..

प्रबन्ध	बालिका			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार	..	..	..	..
जिला-बोर्ड	११,९२३	११,०५०	अनुपलब्ध	..
नगरपालिका-बोर्ड	२,५७१	२,२३४	अनुपलब्ध	..
प्राइवेट साहाय्यित ..	१,३४,५८३	१,३८,२२८	अनुपलब्ध	..
प्राइवेट असाहाय्यित ..	१,३९८	१,८६२	..	..
कुल	१,५०,४७५	१,५३,३७४	..	..

३.३२। उपर्युक्त तालिकाओं में क्रमशः १९६३-६४ और १९६४-६५ के दौरान एक शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या और उनमें हुए नामांकनों की संख्या के तुलनात्मक विवरण दिए गए हैं।

११ । विद्यालय भवन और साज-सामान

३.३३ । प्राथमिक स्कूलों के लिए भवन-व्यवस्था की समस्या विकट है। विद्यालय-भवनों के निर्माण के लिए दो ही ऐसे स्रोत थे, जिनसे रुपए आते थे। एक स्रोत था, शिक्षा विभाग स्वयं जो प्रसार और सुधार कार्यक्रम के अधीन विद्यालय-भवनों के निर्माण के लिए सहायता देता था। सामान्यतः यह सहायता निर्माण-व्यय के दो-तिहाई तक ही सीमित रहती थी और बाकी एक-तिहाई का खर्च स्थानिक रूप से समुदाय को वहन करना पड़ता था। हरिजन और जनजातीय क्षेत्रों में यह सहायता बढ़ाकर ५।६ कर दी जा सकी थी। सरकारी सहायता का दूसरा स्रोत, जनता को, विद्यालय-भवनों के निर्माण के लिए, सामुदायिक विकास विभाग के माध्यम से सुलभ था। इस एजेंसी से प्राप्त सहायता केवल ५० प्रतिशत तक सीमित थी। यह सहायता मुख्यतः प्रसार एवं सुधार कार्यक्रम वाले विद्यालयों से भिन्न विद्यालयों के लिए ही थी।

३.३४ । इस प्रणाली में स्पष्टतः त्रुटियां थीं, क्योंकि एक ही प्रयोजन के लिए दो विभिन्न प्रकार की सहायता उसी सरकारी स्रोत से दी जाती थी। इसके अलावा, स्थानीय समदाय अपना हिस्सा सफलतापूर्वक नहीं जुटा पाता था, और इसलिए बहुतेरे भवन अधूरे ही रह जाते थे। इसलिए, यह निर्णय किया गया कि प्रसार एवं सुधार कार्यक्रम के अधीन विद्यालय-भवनों के निर्माण का सम्पूर्ण खर्च सरकार ही वहन करेगी। किन्तु, विदेशी आक्रमणों, के चलते, और बाद में इसकी रकम की बाढ़ साहाय्य में विनियोगान्तरित करने के कारण, दोनों प्रकार की सहायता स्थगित कर दी गई।

३.३५ । साज-सामान की स्थिति भी कमोबेश वही रही जो भवन की थी। जहां कहीं साज-सामान दिये गए हैं, उसी योजना अवधि में ही दिए गए हैं, क्योंकि विदेशी आक्रमण के बाद से साज-सामानों की खरीद रोक दी गई है। साज-सामान बस इतने ही रहे कि विद्यालयों को किसी प्रकार चलाया जाता रहा।

१२ । शिक्षण प्रणाली और स्तर

३.३६ । एकीकृत पाठ्यक्रम जो शुरू किया गया था वह अन्तिम वर्गों तक पहुंच गया। समुचित साज-सामान और अन्य तकनीकी उपकरणों के अभाव में पाठ्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति दुष्कर बनी रही।

१३ । पुनर्गठन और नया विकास

३.३७ । प्राथमिक शिक्षा से सम्बन्धित जिन नयी स्कीमों पर आलोच्य अवधि में काम हुए उनका विवेचन, इसके पूर्व, अध्याय १ में किया जा चुका है।

अध्याय ४

बुनियादी शिक्षा

१। स्कूलों के प्रकार (पूर्व बुनियादी, कनीय बुनियादी, वरीय बुनियादी और उत्तर बुनियादी)

४.१। आलोच्य अवधि में, इस राज्य में चारों प्रकार की बुनियादी संस्थाएं चलती रहीं, यथा पूर्व-बुनियादी स्कूल, कनीय बुनियादी स्कूल, वरीय बुनियादी स्कूल, और उत्तर बुनियादी स्कूल (जिन्हें अब सर्वोदय उच्च विद्यालय कहा जाता है)। प्रशिक्षण स्कूल और कालेज, बुनियादी प्रतिमानों की ओर उन्मुख हैं। अधिकांश बुनियादी स्कूलों का प्रबन्ध राज्य के द्वारा होता है, लेकिन कुछ संस्थाएं प्राइवेट प्रबन्ध में भी चलायी गईं। कुछ कनीय और वरीय बुनियादी स्कूल नगरपालिका बोर्डों द्वारा भी चलाए गए।

२। स्कूल

४.२। १९६३-६४ और १९६४-६५ इन दो क्रमागत वर्षों के दौरान, कनीय और वरीय बुनियादी विद्यालयों की प्रबन्धवार संख्या निम्न तालिकाओं में दिखाई गई है :—

(१) कनीय बुनियादी स्कूलों की संख्या

प्रबन्ध	बालक			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार	१४	११	१६	+२
जिला बोर्ड	२६३	२५४	१७८	—८५
नगर बोर्ड	१४	१४	..	..
प्राइवेट साहाय्यित	२,२१०	२,१५६	१,७७५	—४३५
प्राइवेट असाहाय्यित ..	१	..	..	१
कुल	२,५०२	२,४३५	१,९६९	—५३३

प्रबन्ध	बालिकाएं			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार	..	..	..	..
जिला बोर्ड	१	१	१	..
नगर बोर्ड	..	..	..	..
प्राइवेट साहाय्यित	३५३	३५३	३३६	—१७
प्राइवेट असाहाय्यित ..	..	..	..	..
कुल	३५४	३५४	३३७	—१७

४.३। कनीय बुनियादी स्कूलों की संख्या में गिरावट का कारण उनका उत्क्रमण और मिडिल स्कूलों में परिवर्त्तन बताया जा सकता है। प्रसार और सुधार कार्यक्रम के अधीन बहुतेरे कनीय बुनियादी विद्यालय को मिडिल स्तर में उत्क्रमित किया गया है।

(२) वरीय बुनियादी स्कूलों की संख्या

प्रबन्ध	बालक				बालिका			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ४ और २	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	२	३	४	५	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..	..	..	..	..
राज्य सरकार	५१७	५२१	५२८	+११	७	७	८	+१
जिला बोर्ड	६८	६७	५९	—९	..	..	..	..
नगर बोर्ड	..	..	..	..	..	..	..	..
प्राइवेट साहाय्यित	२४६	२६१	२३५	—११	२	४	४	+२
प्राइवेट असाहाय्यित ..	२	२	१	—१	..	..	..	..
कुल	८३३	८५१	८२३	—१०	९	११	१२	+३

३ । छात्र

४.४। १९६३-६४ और १९६४-६५ के दौरान कनीय बुनियादी और वरीय बुनियादी स्कूलों में छात्रों की प्रबन्धवार संख्या निम्न तालिकाओं में दी गई है:—

कनीय बुनियादी विद्यालयों में ।

प्रबन्ध	बालक			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार.	१,२८३	१,२६२	९७७	—३०६
जिला बोर्ड	३२,७९६	३३,८०८	१८,७३६	—१४,०६०
नगर बोर्ड	२,४०७	२,५५२	..	—२,४०७
प्राइवेट साहाय्यित	१,५५,९९९	१,५७,५९८	१,१८,२०८	—३७,७९१
प्राइवेट असाहाय्यित ..	६६	..	..	—६६
कुल	१,९२,५५१	१,९५,२२०	१,३७,९२१	—५४,६३०

प्रबन्ध	बालिका			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार	..	..	२०२	+२०२
जिला बोर्ड	१८०	१९१	४,८४९	+४,६६९
नगर बोर्ड	..	..	..	..
प्राइवेट साहाय्यित	१७,५६२	१८,९७०	३४,६५६	+१७,०९४
प्राइवेट असाहाय्यित ..	..	..	..	..
कुल	१७,७४२	१९,१६१	३९,७०७	२१,९६५

छात्र-संख्या में गिरावट का कारण, कनीय बुनियादी विद्यालयों का मिडिल स्कूलों में उत्क्रमण कहा जा सकता है।

वरीय बुनियादी स्कूलों में

प्रबन्ध	बालक			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार	१,११,५६७	१,१५,६९२	१,०२,२०७	—९,३६०
जिला बोर्ड	१३,३९५	१४,४९२	१०,६२३	—२,७७२
नगर बोर्ड	..	..	..	..
प्राइवेट साहाय्यित	४०,७०१	४४,८३६	३३,२९८	—७,४०३
प्राइवेट असाहाय्यित ..	२५२	२०७	९८	—१५४
कुल	१,६५,९१५	१,७५,२२७	१,४६,२२६	—१९,६८९

प्रबन्ध	बालिका			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार	१,५२५	१,५४५	१७,८१३	+१६,२८८
जिला बोर्ड	..	..	१,३९५	+१,३९५
नगर बोर्ड	..	..	..	..
प्राइवेट साहाय्यित ..	३५२	६९१	७,१३२	+६,७८०
प्राइवेट असाहाय्यित ..	..	..	१	+१
कुल	१,८७७	२,२३६	२६,३४१	+२४,४६४

छात्र-संख्या में गिरावट का कारण यही हो सकता है कि कुछ वरीय बुनियादी स्कूलों में वर्ग ८ करीब-करीब उठा दिया गया।

४। शिक्षक-संख्या, वेतनमान, आदि

४.५। १९६३-६४ और १९६४-६५ के दौरान बुनियादी स्कूलों में प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित शिक्षकों का तुलनात्मक विवरण निम्न तालिका में दिया गया है :--

बुनियादी स्कूलों में शिक्षकों की संख्या

संस्थाएं	प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या				अप्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	२	३	४	५	६	७	८	९
कनीय बुनियादी	४,१२०	४,२६२	३,५५१	--५६९	१,१६३	१,०६०	८३०	—३३३
वरीय बुनियादी	५,२८३	५,४५७	५,३९०	+१०७	४६५	४७९	३९४	—७१
कुल	९,४०३	९,७१९	८,९४१	—४६२	१,६२८	१,५३९	१,२२४	—४०४

५। वर्गों का आकार

४.६। कनीय बुनियादी स्कूल में प्रथम पांच वर्ग और वरीय बुनियादी स्कूल में आठ वर्ग होते हैं। वर्ग में छात्रों की प्राधिकृत संख्या ३० से ४० तक हो सकती है।

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B,Sri Aurbindo Marg,NewDelhi-110016
DOC. No. 1885
Date 26-11-84

६। बुनियादी शिक्षा पर प्रत्यक्ष खर्च
(१) कनीय बुनियादी स्कूल।

स्रोत	बालकों का स्कूल			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार	३२,९९,४१०	३३,७८,७९४	२७,५४,०४३	—५,४५,३६७
जिला बोर्ड	२२,२९०	२५,२३६	३४,३५६	+१२,०६६
नगर बोर्ड	१५,०३३	१२,६३७	..	—२,३९६
फीस	२१,६१८	१७,०४८	८४	—२१,५३४
धर्मस्व	..	..	..	..
अन्य स्रोत	..	..	..	..
कुल	३३,५८,३५१	३४,३३,७१५	२७,८८,४८३	—५,६९,८६८

स्रोत	बालिकाओं का स्कूल			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	९,३५७	..	..	—९,३५७
राज्य सरकार	३,४८,४२६	३,७३,३५८	३,३९,११४	—९,३१२
जिला बोर्ड	१८०	१८०	१८०	..
नगर बोर्ड	..	..	..	..
फीस	..	..	..	..
धर्मस्व	..	..	..	..
अन्य स्रोत	..	..	..	..
कुल	३,५७,९६३	३,७३,५३८	३,३९,२९४	—१८,६६९

(२) वरीय बुनियादी स्कूल ।

स्रोत	बालकों का स्कूल			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार	७१,११,७९०	७५,०७,१८६	७७,६७,०५३	+६,५५,२६३
जिला बोर्ड	५७,१९१	६२,९९०	२३,४३५	—३३,७५६
नगर बोर्ड	..	..	..	..
फीस	१,६५,४८७	१,८१,९९८	१,४४,८३३	—२०,६५४
धर्मस्व	९,०५२	१९,०६४	..	..
अन्य स्रोत	८४,०२१	९७,४९३	८३,९१०	—९,१६३
कुल	७४,२७,५४१	७८,६८,७३१	८०,१९,२३१	+५,९१,६९०

स्रोत	बालिकाओं का स्कूल			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय सरकार	..	..	..	..
राज्य सरकार	१,००,२३५	१,२४,२४६	१,२९,१८८	+२८,९५३
जिला बोर्ड	..	..	..	..
नगर बोर्ड	..	..	..	..
फीस	..	..	..	..
धर्मस्व	..	..	..	..
अन्य स्रोत	२५८	२१२	४०३	+१४५
कुल	१,००,४९३	१,२४,४५८	१,२९,५९१	+२९,०९८

७. बुनियादी प्रशिक्षण कालेज और स्कूल (संख्या, नामांकन, उपलब्धि और व्यय)।

४.७। १९६३-६४ और १९६४-६५ के दौरान, बुनियानी प्रशिक्षण कॉलेजों और स्कूलों की संख्या, नामांकन और व्यय विषयक तुलनात्मक स्थिति, निम्न चारों तालिकाओं में बताई गई है:—

(१) बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेजों और स्कूलों की संख्या

संस्था।	प्रबन्ध।	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ३ और ५	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४ ६५	फर्क ७ और ९
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
१। स्नातकोत्तर बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेज।	सरकार ..	५	५	५	..	..	..	..	..
	कुल ..	५	५	५	..	..	..	..	..
२। पूर्वस्नातक बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेज।	..	..	..	..	..	..	..	..	..
३। बुनियादी प्रशिक्षण स्कूल।	सरकार ..	८३	७९	७९	—४	१६	२०	२०	+४
	साहाय्यित	१	१	४	+३	१	१	४	+३
	असाहाय्यित	१	..	..	—१	..	..	..	..
कुल ..	..	८५	८०	८३	—२	१७	२१	२४	+७

*पूर्व स्नातक स्तर।
†इसमें बालिकाओं के लिए स्कूल स्तर की ४ संस्थाएं शामिल हैं।

(२) बुनियादी प्रशिक्षण महाविद्यालयों और विद्यालयों में नामांकन

संस्था।	प्रबन्ध।	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ३ और ५
१	२	३	४	५	६
१। स्नातकोत्तर बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेज	सरकार ..	७२७	७०८	७४४	+१७
	कुल ..	७२७	७०८	७४४	+१७
२। पूर्व स्नातक बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेज	..	..	..	..	..
३। बुनियादी प्रशिक्षण स्कूल ..	सरकार ..	१६,१६०	१५,४४०	१४,४०४	--१,७५६
	साहाय्यित	७८	६६	१३५	+५७
	असाहाय्यित	२६	..	..	—२६
	कुल ..	१६,२६४	१५,५०६	१४,५३९	—१,७२५

संस्था।	प्रबन्ध।	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ७ और ९
१	२	७	८	९	१०
१। स्नातकोत्तर बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेज	सरकार ..	..	..	..	..
	कुल ..	..	..	..	..
२। पूर्व स्नातक बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेज	..	..	..	..	..
३। बुनियादी प्रशिक्षण स्कूल ..	सरकार ..	२,३३३	२,८५४	२,६०८	+२७५
	साहाय्यित	२५	२३	२१३	+१८८
	असाहाय्यित	..	..	..	..
	कुल ..	२,३५८	२,८७७	२,८२१	+४६३

*पूर्व स्नातक स्तर।
†इसमें बालिकाओं के लिए स्कूल स्तर की ५३१ संस्थाएं शामिल हैं।

(३) बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेजों और स्कूलों का व्यय

संस्था।	व्यय-स्रोत।	बालकों के लिए।			
		१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ३ और ५
१	२	३	४	५	६
स्नातकोत्तर बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेज ..	सरकार ..	२,७५,१५२	३,५४,५७३	३,६६,१३२	+९०,९८०
	फीस ..	९,२०४	२८,१५०	..	—९,२०४
	अन्य स्रोत	२,९७३	४,१५७	६,८००	+३,८२७
	कुल ..	२,८७,३२९	३,८६,८८०	३,७२,९३२	+८५,६०३
बुनियादी प्रशिक्षण स्कूल ..	सरकार ..	४२,१२,५५१	३९,५२,६७७	४५,२४,४३८	+३,११,८८७
	फीस ..	..	..	..	..
	अन्य स्रोत	२९,१८८	५५,७९४	३८,९९०	+९,८०२
	कुल ..	४२,४१,७३९	४०,०८,४७१	४५,६३,४२८	+३,२१,६८९

संस्था।	व्यय-स्रोत।	बालिकाओं के लिए।			
		१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ७ और ९
१	२	७	८	९	१०
स्नातकोत्तर बुनियादी प्रशिक्षण कॉलेज ..	सरकार ..	..	..	..	..
	फीस ..	..	..	..	..
	अन्य स्रोत	.	..	..	..
	कुल ..	..	..	..	..
बुनियादी प्रशिक्षण स्कूल ..	सरकार ..	८,१८,८१८	९,७०,३१७	१०,५०,३५७	+२,३१,५३९
	फीस ..	..	..	..	..
	अन्य स्रोत	२,६९८	८८१	१०,९८०	+८,२८२
	कुल ..	८,२१,५१६	९,७३,९६१	१०,६१,३३७	+२,३९,८२१

*पूर्व स्नातक स्तर।
†इसमें १,६५,३९८ स्कूल स्तर का है।

८। शिक्षण प्रणाली और स्तर

४.८। बुनियादी स्कूलों में शिक्षण का मुख्य सिद्धांत है समवाय शिक्षण-प्रणाली। शिल्प-कर्म, दैनन्दिन सामाजिक जीवन और भौतिक वातावरण इस प्रणाली के कार्य-कलाप हैं। किंतु इस लक्ष्य की सिद्धि पूरी तरह नहीं हो पायी। सालों भर सहभोज, सांस्कृतिक आयोजन, विद्यालय-संसद्, और समन्वित जीवन आदि पाठ्येतर कार्य-कलापों के द्वारा स्वावलम्बन, आत्मनिर्भरता और आत्मानुशासन के गुणों का विकास करने का भी प्रयास किया गया। सही ढंग से शिक्षकों की व्यवस्था करने पर इन कार्य-कलापों के द्वारा अपेक्षित स्तर की दक्षता प्राप्त की जा सकती है।

९। बुनियादी शिक्षा का आर्थिक पहलू

४.९। बुनियादी संस्थाओं में स्वतःपूर्णता का अपेक्षित स्तर और लक्ष्य प्राप्त करने के प्रयास जारी हैं। किंतु कतिपय मूलभूत मजबूरियों के कारण इस कार्यक्रम की प्रगति में बाधा हुई। जिन विद्यालयों में मुख्य शिल्प कृषि था उनमें घटिया किस्म की जमीनों की बिखरी होल्डिंगों के कारण काम की प्रगति में व्यवधान पहुंचता रहा। अधिकांश विद्यालयों में सामान्यतया अच्छा अहाता नहीं होने के कारण छुट्टा पशुओं ने शाक-सब्जी और फलों के पौधों की बेतरह बर्बादी की। इसी प्रकार, अच्छे करघों एवं अच्छी किस्म के सूत के अभाव में तथा उच्च वर्गों में (जहां शिल्प को सचमुच अर्थकारी बनाया जा सकता था) छात्रों की अपेक्षित संख्या में कमी हो जाने से कताई-बुनाई शिल्प की भी प्रगति अवरुद्ध रही। शहरी क्षेत्रों में अवस्थित विद्यालयों में शहरी शिल्पों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

१०। प्रशासन और नियंत्रण

४.१०। राज्य की अन्य संस्थाओं की तरह बुनियादी संस्थाएं भी शिक्षा विभाग के प्रशासन और नियंत्रण के अधीन रहीं। आलोच्य अवधि में, क्षेत्रीय उप-शिक्षा-निदेशक बुनियादी-शिक्षा-अधीक्षक की आम तौर पर सहायता से, अपनी अधिकारिता के भीतर प्रशिक्षण विद्यालयों एवं खास तौर पर उत्तर-बुनियादी विद्यालयों और आम तौर पर अन्य बुनियादी विद्यालयों के काम का पर्यवेक्षण और निरीक्षण करते रहे, हालांकि जिलों में जिला शिक्षा-पदाधिकारियों ने अधिक नजदीक से इनका पर्यवेक्षण और निरीक्षण किया। बुनियादी शिक्षा के उप-अधीक्षक, अपनी अधिकारिता के भीतर, इन संस्थाओं के विभागीय निरीक्षण और नियंत्रण पदाधिकारी रहे, हालांकि सामुदायिक विकास प्रखंडों के भीतर पड़नेवाले इन विद्यालयों के वेतन-बिलों के प्रतिहस्ताक्षरी पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रहे। इन विद्यालयों के सामान्य विकास में, हर बुनियादी विद्यालय की स्थानीय समितियों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बना रहा। किंतु प्रशिक्षण महाविद्यालय, लोक शिक्षा निदेशक, बिहार के नियंत्रण में बने रहे। अब, प्रशिक्षण विद्यालयों में बिहार शिक्षा सेवा श्रेणी २ के प्राचार्य हुए, जिससे वे प्रशासन के मामले में अधिक आत्म-निर्भर इकाई बन सके और जिला शिक्षा-पदाधिकारी के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन चलते रहें।

अध्याय ५

माध्यमिक शिक्षा

१ । प्रशासन और नियंत्रण

५.१ । लोक-शिक्षा-निदेशक की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राज्य के सभी गैर-सरकारी उच्च (हाई), उच्चतर माध्यमिक और बहूद्देशीय स्कूलों के नियंत्रण पदाधिकारी हैं । ये संस्थाएं तीन प्रकार की हैं —

(क) राज्य-अर्थ-साहाय्यित,
(ख) राज्य-साहाय्यित प्राइवेट, और
(ग) प्राइवेट असाहाय्यित ।

५.२ । राज्य-प्रबन्धित उच्च (हाई), उच्चतर माध्यमिक और बहूद्देशीय विद्यालयों का दायित्व सीधे सरकार पर है । फिर भी, हरेक विद्यालय की एक स्थानीय प्रबन्ध समिति होती है, जिसके अध्यक्ष होते हैं संबद्ध जिले के जिला दंडाधिकारी, और सचिव होते हैं विद्यालय के प्राचार्य । क्षेत्रीय उपशिक्षा-निदेशक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को अपने अधिकारिता के भीतर पड़नेवाली सभी उच्च, उच्चतर माध्यमिक और बहूद्देशीय विद्यालयों का निरीक्षण करने की शक्ति प्रदान की गई है । जिला शिक्षा-पदाधिकारी की सहायता, सम्बद्ध क्षेत्र के अनुमंडल के अनुमंडलीय शिक्षा-पदाधिकारी करते हैं ।

५.३ । विद्यालय निरीक्षिका बालिका उच्च (हाई स्कूलों) के निरीक्षण की प्रभारी हैं । इन स्कूलों से संबद्ध सभी अनुदानों का वितरण उन्हींके द्वारा होता है । उनकी सहायता, आवश्यकतानुसार, जिला विद्यालय निरीक्षिकाएं करती हैं ।

५.४ । प्राइवेट विद्यालय प्राइवेट उद्यमों के परिणाम हैं । किंतु इनमें से अधिकांश विद्यालयों को सरकार से अनुदान मिलता है, इसलिये इन्हें प्राइवेट साहाय्यित कहा जाता है । कुछ विद्यालय ऐसे हैं जिन्हें ऐसा अनुदान नहीं मिलता इसलिए उन्हें असाहाय्यित कहा जाता है ।

५.५ । राज्य-अर्थ साहाय्यित उच्च (हाई), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भी प्राइवेट विद्यालय हैं, क्योंकि उनपर स्थानीय प्रबन्ध समिति का नियंत्रण रहता है, किन्तु विद्यालय का सम्पूर्ण घाटा राज्य सरकार पूरा करती है । ये विद्यालय ऐसे क्षेत्रों में खोले गये हैं जो शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े इलाके हैं और अधिकांशतः छोटानागपुर प्रमंडल, भागलपुर प्रमंडल के संथाल परगना जिले तथा तिरहुत प्रमंडल के कतिपय विलगित क्षेत्रों में अवस्थित हैं ।

५.६ । आलोच्य वर्षों में, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, आंग्ल-भारतीय एवं यूरोपीय शिक्षा संयुक्त बोर्ड तथा बुनियादी शिक्षा बोर्ड ने, परिपत्र जारी करके और प्राइवेट विद्यालयों को मान्यता तथा अनुदान देने का कार्य विनियमित करके, अपने अधीनस्थ विद्यालयों के कार्यों को विनियमित करने का काम चालू रखा । मिडिल स्कूलों को मान्यता देने का प्राधिकार अनुमंडलीय शिक्षा पदाधिकारी को है और उन विद्यालयों के नियमित निरीक्षण के जरिए दैनन्दिन मार्गदर्शन का उत्तरदायित्व विद्यालय-उप-निरीक्षक पर है । बालिका मिडिल स्कूलों को मान्यता विद्यालय उप-निरीक्षिका देती हैं और उन विद्यालयों का निरीक्षण-कार्य विद्यालय उप-निरीक्षिका का कर्त्तव्य है ।

२ । विद्यालय वर्गों की स्कीम

५.७ । इस राज्य में माध्यमिक शिक्षा निम्नलिखित प्रकार के स्कूलों के जरिए दी जाती है :—

(१) बहूद्देशीय और सर्वोदय विद्यालय (उत्तर-बुनियादी विद्यालय) ।	(क) वर्ग ६ से वर्ग ११ विशिष्ट तक । (ख) वर्ग ८ से वर्ग ११ विशिष्ट तक ।
(२) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	(क) वर्ग ६ से वर्ग ११ विशिष्ट तक । (ख) वर्ग ८ से वर्ग ११ विशिष्ट तक ।
(३) हाई स्कूल	(क) वर्ग ६ से वर्ग ११ तक ।। (ख) वर्ग ८ से वर्ग ११ तक ।
(४) मिडिल स्कूल, वर्ग ६ से ७ तक	प्राथमिक वर्गों के साथ या प्राथमिक वर्गों के बिना ।
(५) वरीय बुनियादी स्कूल वर्ग ६ से वर्ग ८ तक ..	प्राथमिक वर्गों के साथ या प्राथमिक वर्गों के बिना ।

५.८ । इस बात का प्रयत्न किया जा रहा है कि उच्च (हाई) और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को केवल वर्ग ८ से वर्ग ११ या वर्ग ११ विशिष्ट तक परिसीमित कर दिया जाए और वर्ग ६/७ को (जो मिडिल स्कूलों में होते हैं) तथा वर्ग १ से ५ तक को (जो प्राथमिक स्कूलों में होते हैं) इन माध्यमिक विद्यालयों से अलग कर दिया जाए । विभाग इस आशय के आदेश जारी कर चुका है कि प्राथमिक और मिडिल विद्यालयों को, माध्यमिक विद्यालयों से जुड़ा हुआ नहीं रखा जाए, बल्कि उन अंगों को अलग करके अलग प्रधानाध्यापक और अलग

प्रबन्ध समिति के अधीन कर दिया जाय फिर भी, कुछ माध्यमिक विद्यालयों में प्राथमिक और मिडिल विद्यालय अभी भी चल रहे हैं, क्योंकि वे उच्चतर विद्यालय के लिए आपूरक का काम करते हैं और उच्च वर्गों में सीधे नामांकन में सुविधा होती है। इसको प्रोत्साहन नहीं देना है।

३। विद्यालय

५.६। निम्न तालिका में, आलोच्य अवधि में, कोटिवार विद्यालयों की संख्या दी गई है :--

प्रबन्ध व्यवस्था के अनुसार माध्यमिक स्कूलों की संख्या

प्रबन्ध।	बालक।				बालिका।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ४ और २।	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ८ और ६।
१	२	३	४	५	६	७	८	९
(१) बहूद्देशीय उच्चतर माध्यमिक और उत्तर-बुनियादी विद्यालय								
सरकार--								
केन्द्रीय	..	..	२	+२	..	..	..	..
राज्य	४०	४०	४२	+२	१७	१७	१८	+१
साहाय्यित	२५०	२८०	२८५	+३५	६	९	१७	+११
असाहाय्यित	२५	१९	१६	-९	३	३	२	१
कुल	३१५	३३९	३४५	+३०	२६	२९	३७	+११
(२) हाई स्कूल--								
सरकार---								
केन्द्रीय	६	६	५	-१	..	..	..	..
राज्य	१	१	१	..	४	४	६	+२
साहाय्यित	७७८	८०५	९३२	+१५४	६४	६७	७५	+११
असाहाय्यित ..	५७७	५९३	५८२	+५	७९	१९	१९	..
कुल	१,३६२	१,४०५	१,४२०	+१५८	८७	९०	१००	+१३

प्रबन्ध।	बालक।				बालिका।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ४ और २।	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ८ और ६।
१	२	३	४	५	६	७	८	९
(३) मिडिल स्कूल--								
सरकार—								
केन्द्रीय	८	८	१३	+५	१	१	१	..
राज्य	४	६	७	+३	४५	४५	४५	.
जिला बोर्ड	२,०३५	२,१३१	२,४०५	+३७०	७८	९६	१०८	+३०
नगर बोर्ड	११४	१३२	१५४	+४०	४०	४५	५१	+११
साहाय्यित	१,४७४	१,५३४	१,८९३	+४१९	१८१	२२८	२५५	+७४
असाहाय्यित	६१२	६६६	५८०	−८२	२३	२८	२८	+५
कुल ..	४,२९७	४,४७७	५,०५२	+७५५	३६८	४४३	४८८	+१२०
(४) वरीय बुनियादी विद्यालय--								
सरकार--								
केन्द्रीय	..	..	..	..	..	..	..	..
राज्य	५१७	५२१	५२८	+११	७	७	८	+१
जिला बोर्ड	६८	६७	५८	−१०	..	..	..	..
नगर बोर्ड	..	..	१	१	..	..	..	..
साहाय्यित	२४६	२६१	२३५	−११	२	४	४	+२
असाहाय्यित	२	२	१	−१	..	..	..	..
कुल ..	८३३	८५१	८२३	−१०	९	११	१२	+३

५.१०। उपर्युक्त तालिका में जो आंकड़े दिये गये हैं उनसे, स्पष्ट है कि सभी प्रकार के माध्यमिक विद्यालयों की संख्या में सामान्य वृद्धि हुई। जहांतक बहूद्देशीय और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की संख्या में वृद्धि की बात है, १९६२-६३ की अपेक्षा १९६४-६५ में बालक-विद्यालयों की संख्या में ३० संस्थाओं की और बालिका विद्यालयों की संख्या में ११ संस्थाओं की वृद्धि हुई। उसी प्रकार, १९६२-६३ में बालकों के जितने उच्च विद्यालय थे उनके अलावा इस अवधि में १५८ नये विद्यालय खुले और बालिका विद्यालयों की संख्या में इस अवधि में १३ विद्यालयों की वृद्धि हुई किन्तु इस अवधि में अत्यन्त उल्लेखनीय प्रगति मिडिल स्कूलों में नज़र आई। १९६२-६३ में जितने मिडिल स्कूल थे उनके अलावा, १९६४-६५ तक, बालकों के ७५५ और बालिकाओं के १२० नए मिडिल स्कूल खुले। किन्तु बुनियादी विद्यालयों की संख्या में, बालक-क्षेत्र में १० विद्यालय कम हो गए। हां, बालिका-क्षेत्र में ३ नए बुनियादी विद्यालय खुलने से एक हद तक इस घटौती की पूर्त्ति हो गई।

४। छात्रों की संख्या

५.११। नीचे की तालिका में दिखाया गया है कि आलोच्य अवधि में किस प्रकार के प्रबन्ध वाले विभिन्न प्रकार के माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन की स्थिति क्या रही है :—

तालिका सं० २०

माध्यमिक स्कूलों में छात्रों की संख्या

[उच्च (हाई) और उच्चतर माध्यमिक बहूद्देशीय और उत्तर-बुनियादी विद्यालय]

विभिन्न संस्थाओं में छात्रों की संख्या

प्रबन्ध	बालक।				बालिका।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	२	३	४	५	६	७	८	९
(१) बहूद्देशीय उच्चतर माध्यमिक और उत्तर-बुनियादी विद्यालय—								
सरकार—								
केन्द्रीय	५५४	८८६	+८८६	..	..	..	..	
राज्य ..	१९,४६४	२०,११४	२०,०२४	+५६०	९,४१६	९,७०७	१०,३३२	+९१६
साहाय्यित ..	१,६३,५४८	१,७८,९२५	१,८४,०८८	+२०,५४०	१,७७५	२,४४५	५,४४५	+३,६७०
असाहाय्यित ..	.. ४,७३७	८,८४३	७,३२९	+२,५९२	२,०२९	२,१८२	२,३०९	+२८०
कुल ..	१,८७,७४९	२,०८,४३६	२,१२,३२७	+२४,५७८	१३,२२०	१४,३३४	१८,०८६	+४,८६६

तालिका सं० २०—क्रमशः

प्रबन्ध ।	बालक ।				बालिकाएं ।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	२	३	४	५	६	७	८	९
(२) हाई स्कूल—								
सरकार—								
केन्द्रीय ..	३,७३३	३,२७९	२,९६९	—७६४	..	..	..	..
राज्य ..	२९१	२८८	२६७	—२४	१,१३३	१,११३	१,८९४	+७६१
साहाय्यित ..	२,६१,९६७	२ ६५,८६६	२,९३,४२०	+३१,४५३	१७,९७५	१९,३४८	१८,३५७	+३८२
असाहाय्यित ..	१,३४,४९१	१,४०,५२४	१,३४,०११	—४८०	३,०८१	३,३४२	२,८८५	—१९६
कुल ..	४,००,४८२	४,०९,९५७	४,३०,६६७	+३०,१८५	२२,१८९	२३,८०३	२३,१३६	+९४७
(३) मिडिल स्कूल—								
सरकार—								
केन्द्रीय ..	३,७७०	३,८५०	५,०५५	+१,२८५	५८७	६३१	७२४	+१३७
राज्य ..	५६४	६५४	१,०७१	+५०७	११,८८३	१२,६५९	१३,१९२	+१,५०९
जिला बोर्ड ..	४,१०,००३	४,५५,८०८	५,५५,९८२	+१,०७,७६४	१२,३०१	१४,९२०	३१,०९२	+७,२८०
नगर बोर्ड ..	३८,२१५	४५,२८९			११,५११	१३,११७		
साहाय्यित ..	२,६४,३७५	२,८४,९४९	३,४६,६८२	+८२,३०७	३०,१२८	४०,३९६	४५,३०५	+१५,१७७
असाहाय्यित ..	८८,१८१	९०,०४१	९०,६०२	+२,४२१	४,८१६	६,३५६	६,९०९	+२,०९३
कुल	८,०५,१०८	८,८०,५९१	९,९९,३९२	+१,९४,२८४	७१,२२६	८८,०२९	९७,४२२	+२६,१९६

तालिका सं० २०—कर्मात

प्रबन्ध।	बालक।				बालिका।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८।
१	२	३	४	५	६	७	८	९
४) वरीय बुनियादी स्कूल—								
सरकार—								
केन्द्रीय ..	..	..	..	..	..	..	..	..
राज्य ..	१,११,५६७	१,१५,६९२	१,१८,४१८	+६,८५१	१,५२५	१,५४५	१,६०२	+७७
जिला बोर्ड ..	१३,३९५	१४,४९२	१२,०१८	—१,३७७	..	..	..	..
नगर बोर्ड ..	..	..	..	..	..	..	..	..
साहाय्यित ..	४०,७०१	४४,८३६	३९,६५८	—१,०४३	३५२	६९१	७७२	४२०
असाहाय्यित	२५२	२०७	९९	—१५३	..	..	..	..
कुल ..	१,६५,९१५	१,७५,२२७	१,७०,१९३	+४,२७८	१,८७७	२,२३६	२,३७४	+४९७

५। शिक्षक संख्या, वेतनमान, आदि

५.१२। निम्न तालिका में दिखाया गया है कि हर प्रकार के माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न प्रबन्धों के अधीन शिक्षकों की संख्या क्या है:--

माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या

प्रबन्ध।	प्रशिक्षित।				अप्रशिक्षित।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ४ और २	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	२	३	४	५	६	७	८	९
उच्च/उच्चतर माध्यमिक बहूद्देशीय विद्यालय।								
सरकार	१,०३९	१,०५०	१,२२४	+१८५	३९१	३८०	३६५	--२६
साहाय्यित	५,४६८	५,७८६	६,६१८	+१,१५०	८,५३२	८,८६२	९,५१८	+९८६
असाहाय्यित	१,५३१	१,७४४	१,८७५	+३४४	३,८४७	३,८५०	३,५०७	--३४०
कुल	८,०३८	८,५८०	९,७१७	+१,६७९	१२,७७०	१३,०९२	१३,३९०+	६२०

१९६४-६५ के उत्तर-बुनियादी विद्यालयों के आंकड़े, जो उच्च (हाई)/उच्चतर माध्यमिक/बहूद्देशीय विद्यालयों के आंकड़े में शामिल हैं।

सरकार	..	..	..	..	..	..	..	..
साहाय्यित	१८	११	..	..	४१	२४	..	..
असाहाय्यित	४	४	..	..	१०	६	..	..
कुल ..	२२	१५	..	..	५१	३०	..	..

प्रबन्ध	प्रशिक्षित।				अप्रशिक्षित।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८।
१	२	३	४	५	६	७	८	९
मिडिल स्कूल—								
सरकार ..	३७९	४१५	५१६	+१३७	१२४	१०६	१२२	—२
जिला बोर्ड ..	८,८५०	९,७०५	११,४०४	+२,५५४	२,८२८	२,६६७	२,५७५	—२५३
नगर बोर्ड ..	७७८	८९४	१,१०८	+३३०	५७३	६३४	७०७	+१३४
साहाय्यित ..	४,८६५	५,५४९	७,३८२	+२,५१७	३,३९२	३,३३६	३,४९४	+१०२
असाहाय्यित ..	१,२२९	१,३२९	१,३५०	+१२१	१,७९०	१,८१२	१,६३७	—१५३
कुल ..	१६,१०१	१७,८९२	२१,७६०	+५,६९९	८,७०७	८,५५५	८,५३५	—१७२
वरीय बुनियादी विद्यालय—								
सरकार ..	३,९९६	४,०३९	४,०७२	+७६	२१	१५	१८	—३
जिला बोर्ड ..	२७९	३०३	३३५	+५६	८४	८७	८२	—२
नगर बोर्ड ..	..	..	५	+५	.	..	३	+३
साहाय्यित ..	१,००१	१,११२	९७६	—२५	३५९	३६१	२९०	—६९
असाहाय्यित ..	७	३	२	—५	१	१	१	..
कुल ..	५,२८३	५,४५७	५,३९०	+१०७	४६५	४७९	३९४	—७१

५.१३। उपयुक्त तालिका से पता चलता है कि उच्च (हाई)/उच्चतर माध्यमिक/बहूद्देशीय और उत्तर-बुनियादी विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या जो १९६२-६३ में ८,०६० थी वह १९६४-६५ में बढ़कर ९,७१७ हो गई, अर्थात् प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या में १,६५७ की वृद्धि हुई। इसी प्रकार, इस कोटि में अप्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या में ४६९ की वृद्धि हुई। इस प्रकार शिक्षकों की कुल संख्या में २,१२६ की वृद्धि हुई।

५.१४। मिडिल स्कूलों में शिक्षकों की संख्या में ५,४८७ की शुद्ध वृद्धि हुई। इसी तरह, बुनियादी विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या में शुद्ध वृद्धि ३६ की हुई। ऐसा देखने में आयगा कि उच्च (हाई) और उच्चतर माध्यमिक कोटि के विद्यालयों (और वह भी केवल साहाय्यित विद्यालयों) को छोड़कर, सभी प्रकार के विद्यालयों में, एक ओर तो प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या में वृद्धि हुई और दूसरी ओर अप्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या में घटौती हुई। इसका मतलब यह है कि विद्यालयों में अधिकाधिक प्रशिक्षित शिक्षक रहने लगे हैं।

५.१५। विभिन्न कोटियों के विद्यालयों में, १९६२-६३ के मुकाबले १९६४-६५ में शिक्षकों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत प्रशिक्षित था यह नीचे दिया गया है :—

विद्यालय की कोटियां	१९६२-६३	१९६४-६५
१। उच्च (हाई)/उच्चतर माध्यमिक/बहूद्देशीय विद्यालय (उत्तर-बुनियादी विद्यालयों सहित)।	४३.५	४२
२। मिडिल स्कूल	३५	७१.८
३। वरीय बुनियादी विद्यालय	९१.९	९३.१

५.१६। १९६४-६५ में शिक्षक-छात्र का अनुपात इस प्रकार था :—

(१) उच्च/उच्चतर माध्यमिक/बहूद्देशीय और उत्तर-बुनियादी विद्यालय ..	२९.६
(२) मिडिल स्कूल	३६.२
(३) वरीय बुनियादी विद्यालय	२९.८

५.१७। मिडिल, उच्च, उच्चतर माध्यमिक या बहूद्देशीय विद्यालयों में शिक्षक की नियुक्ति के लिये न्यूनतम योग्यता के संबंध में कोई परिवर्त्तन नहीं हुआ। उच्च, उच्चतर माध्यमिक और बहूद्देशीय विद्यालयों के मानक स्टाफ ढांचे में भी कोई परिवर्त्तन नहीं हुआ। आलोच्य अवधि के दौरान वेतनमान में भी कोई परिवर्त्तन नहीं हुआ। वार्धक्य-निवृत्ति की आयु जो ५८ से बढ़ाकर ६२ कर दी गई थी, रिपोर्ट-अवधि में उसमें भी कोई परिवर्त्तन नहीं हुआ।

६। वर्गों का आकार

५.१८। माध्यमिक विद्यालयों में एक वर्ग में नामांकन की संख्या की सीमा ५२ रखी गई थी। लेकिन, खासकर शहरी क्षेत्रों में, नामांकन बहुत अधिक होने के कारण अधिकांश विद्यालयों में हर वर्ग में चार-चार, पांच-पांच प्रशाखायें चलानी पड़ी हैं, और काफी भीड़ रहने के कारण वर्गों को पालियों (शिफ्टों) में चलाया जाता है। इससे शिक्षण के स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, और इसीलिए, भीड़ बंटाने के लिये, नए विद्यालयों को मान्यता दी जा रही है।

७। व्यय

५.१९। १९६३-६४ और १९६४-६५ में, अलग-अलग बालकों और बालिकाओं के विभिन्न प्रकार के माध्यमिक विद्यालयों पर किन-किन स्रोतों से, कितना-कितना व्यय हुआ है, इसकी रूपरेखा निम्न तालिका में दी गई है :—

माध्यमिक विद्यालयों पर किन स्रोतों से कितना व्यय हुआ

स्रोत।	बालकों के लिये।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४।
१	२	३	४	५
(१) उच्चतर माध्यमिक/बहूद्देशीय विद्यालय—				
केन्द्रीय	..	३८,८७५	८३,१५३	+८३,१५३
राज्य	५५,०७,०४८	५८,९९,०२०	६४,१९,७१०	+९,१२,६६२
फीस	७,१७,४५८	८२,४३,८३६	९५,३८,१९३	+२३,६३,७३५
धर्मस्व	१,१०,३६७	२,७२,१४९	१७,०९,६३४	+६,९५,५८३
अन्य स्रोत	९,०३,६८४	११,८१,१५०		
कुल	१,३६,९५,५५७	१,५६,३५,०३०	१,७७,५०,६९०	+४०,५५,१३३

स्रोत।	बालिकाओं के लिए।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय	..	..	..	..
राज्य	१०,४६,३४६	११,६५,८४१	१३,८९,०७१	+३,४२,७२५
फीस	४,८१,९७४	५,४६,२८३	६,८१,७१७	+१,९९,७४३
धर्मस्व	२२,९८२	३४,२४०	६,८७,९३८	+४,२८,४४७
अन्य स्रोत	२,३५,५०९	१,९९,३०६		
कुल	१७,८७,८११	१९,४५,६७०	२७,५८,७२६	+९,७०,९१९

स्रोत।	बालकों के लिये।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
(२) उच्च विद्यालय—				
केन्द्रीय	२,३६,१११	३,०४,५३६	३,५२,११२	+१,१६,००१
राज्य	५९,८२,००४	६०,५९,०७४	६७,११,००३	+७,२८,९९९
फीस	१,४१,५५,४३५	१,५३,४५,२५०	१,६५,४९,४०९	+२,३९,४७४
धर्मस्व	८,८२,४५३	१०,५३,४४१	३४,०२,३८६	+९,८८,१३९
अन्य स्रोत	१५,३१,७९४	१६,३६,३७१		
कुल	२,२७,८८,२९७	२,४४,२८,६७२	२,७०,१४,९१०	+४२,२६,६१३

स्रोत।	बालिकाओं के लिये।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय	..	..	..	..
राज्य	७,६०,९४९	७,७०,८७१	८,७४,६०६	+१,१३,६५७
फीस	७,६४,८०५	८,१९,२९९	५,९४,२१४	—१,७०,५९१
धर्मस्व	२७,२४५	१,१४,२८१	३,६४,१३८	+३०,९४१
अन्य स्रोत	३,०६,१५२	२,७६,६०५		
कुल	१,८५,४१,१५१*	१९,८१,०५६	१८,३३,१५८	—२५,९९३

*इसमें नगर बोर्ड के २०० रु० भी शामिल हैं।

स्रोत।	बालकों के लिये।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
(३) उत्तर-बुनियादी विद्यालय—				
केन्द्रीय	..	..	..	..
राज्य	१८,९४२	१४,०१८	..	..
फीस	५६,५६६	३८,३७०	..	..
धर्मस्व	४,३२२	६,५५०	..	..
अन्य स्रोत	४,४५१	३,४३५	..	..
कुल	८४,२८१	६२,५७३	..	..

स्रोत ।	बालिकाओं के लिये ।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय	..	..	..	..
राज्य	..	..	..	..
फीस	..	..	..	..
धर्मस्व	..	..	..	..
अन्य स्रोत	..	..	..	..
कुल	..	..		..

टिप्पणी—उत्तर-बुनियादी स्कूलों के आंकड़े उच्चतर माध्यमिक/बहूद्देशीय स्कूलों के आंकड़े में शामिल हैं ।

स्रोत ।	बालकों के लिये ।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क २ और ४
१	२	३	४	५
(४) मिडिल स्कूल—				
केन्द्रीय	१,९०,७७६	२,३६,५४६	३,२९,७९६	+१,३९,०२०
राज्य	१३,१५,३०४	१,४८,९५,१५६	१,७२,०२,०२६	+४०,५०,७२२
जिला बोर्ड	११,९७,४५४	११,७९,३६१	१,४९,८४४	+३,०१,४९०
नगर बोर्ड	२,७५,०१०	२,६३,३६१	३,४०,४७१	+६५,४६१
फीस	५३,५५,९५९	५५,९४,२९१	५४,५८,२२९	+१,०२,२७०
धर्मस्व	४,८०,२२८	३,९७,६४८	२६,३७,५०९	+३,७६,४८०
अन्य स्रोत	१७,८०,८०१	१८,५७,४३४		
कुल	२,२४,३१,५३२	२,४४,२४,३९७	२,७४,६६,९७५	+५०,३५,४४३

स्रोत ।	बालिकाओं के लिये ।			
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	फर्क ६ और ८
१	६	७	८	९
केन्द्रीय	४१,९७२	४४,५०३	५९,९९७	+१८,०२५
राज्य	१६,४१,७६३	१८,४४,०८२	२२,९१,०६०	+६,४९,२९७
जिला बोर्ड	२४,०४६	४२,२७४	७९,७८५	+५५,७३९
नगर बोर्ड	२,०८,३६१	२,३०,७७४	२,५०,६६९	+४२,३०८
फीस	७१,९८९	७३,७१३	२७,१९३	—४४,७९६
धर्मस्व	५०,३५७	४८,९५३	७,७९,०१४	+१,०६,२३७
अन्य स्रोत	६,२२,४३०	६,३६,५९०		
कुल	२६,६०,९०८	२९,२०,८८७	३४,८७,७१८	+८,२६,८१०

५.२० । निम्न तालिका से पता चलता है कि आलोच्य अवधि में विभिन्न कोटियों के विद्यालयों पर व्यय में शुद्ध वृद्धि या घटौती किस प्रकार हुई है :—

क्रम संख्या।	विद्यालयों की कोटि	१९६२-६३ की अपेक्षा १९६४-६५ में व्यय में वृद्धि।
	व्यय में शुद्ध वृद्धि	रु०
१	बालकों के उच्चतर माध्यमिक और बहूद्देशीय स्कूल	४०,५५,१३३
२	बालिकाओं के उच्चतर माध्यमिक और बहूद्देशीय स्कूल	९,७०,९१५
३	बालकों के हाई स्कूल	४२,२६,६१३
४	बालिकाओं के हाई स्कूल	..
५	बालकों के मिडिल स्कूल	५०,३५,४४३
६	बालिकाओं के मिडिल स्कूल	८,२६,८१०

५.२१ । बालिकाओं के हाई स्कूल में व्यय की घटौती संभवत: हाई स्कूलों के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के रूप में उत्क्रमित होने के कारण हुई।

५.२२ । बालकों के माध्यमिक स्कूलों पर (जिनमें मिडिल स्कूल भी शामिल हैं) हुए खर्च में राज्य सरकार का हिस्सा १९६२-६३ में २४.४७ प्रतिशत था। किंतु यह बढ़कर १९६३-६४ में ४१.६२ प्रतिशत और १९६४-६५ में ४१.९९ प्रतिशत हो गया।

५.२३ । उसी प्रकार बालिकाओं के माध्यमिक विद्यालयों पर (जिनमें मिडिल स्कूल भी शामिल हैं) हुए खर्च में राज्य सरकार का हिस्सा १९६२-६३ में १५ प्रतिशत था। किंतु यह बढ़कर १९६३-६४ में ५५.२१ और १९६४-६५ में ५६.३७ प्रतिशत हो गया।

८। छात्रवृत्ति, वृत्तिका और नि:शुल्कता, आदि

(१) छात्रवृत्ति वृत्तिका, पुस्तक-अनुदान और नि:शुल्कता—

५.२४ । राज्य सरकार छात्रों को सभी स्तर पर उदारतापूर्वक छात्रवृत्ति देती रही है। छात्रवृत्तियां विभिन्न प्रकार की हैं। कुछ तो मेधा-छात्रवृत्तियां (मैरिट स्कॉलरशिप) थीं, जो लोक परीक्षाओं में छात्रों की स्थिति (पोजीशन) के द्वारा अभिनिश्चित विशुद्ध मेधा के ही आधार पर दी गई। मिडिल छात्रवृत्ति ऐसी ही छात्रवृत्ति थी। इसी प्रकार, निम्न प्राथमिक छात्रवृत्तियां और उच्च प्राथमिक छात्रवृत्तियां भी मेधा-छात्रवृत्तियां ही थीं, जो उच्च (हाई) और मिडिल स्कूलों तक चलती थीं। इन छात्रवृत्तियों का मूल्य प्रतिमास क्रमश: ३ रु० और १० रु० था। इनके अलावा, मेधा-सह-निर्धनता छात्रवृत्तियां भी थीं, जिनका मूल्य प्रतिमास १५ रु० था और जो कि मिडिल और अन्य उत्तर प्राथमिक वर्गों के स्तर के लिए थीं। साथ ही अनुसूचित जातियों, अनसूचित जन-जातियों तथा पिछड़े वर्गों के छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्तियां, पुस्तक-अनुदान और अन्य वित्तीय सहूलियतें भी थीं। इसी प्रकार, सैनिकों की सन्तान को भी छात्रवृत्तियां दी गई। इनके अलावा, कुल छात्रों (नि:शुल्कता को छोड़कर) के १५ प्रतिशत ऐसे छात्रों को जो अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के थे, नि:शुल्कता दी गई। इसके अलावा, प्रत्येक विद्यालय में दान-उपदान से बनी निर्धन छात्र निधि से बहुतेरे छात्रों को फायदा पहुंचा।

५.२५। उच्च (हाई), उच्चतर माध्यमिक और बहूद्देशीय स्कूलों एवं मिडिल स्कूलों में छात्रों को किन स्रोतों से, कितनी और कितने मूल्यों की छात्रवृत्तियां, वृत्तिकाएं तथा अन्य वित्तीय सुविधाएं दी गई, इनका ब्योरा निम्न तालिका में दिया गया है :—

उच्च (हाई)/उच्चतर माध्यमिक और उत्तर-बुनियादी विद्यालयों में छात्रवृत्ति, वृतिका एवं अन्य वित्तीय सुविधाएं।

	दी गई छात्रवृत्तियों की संख्या					
	बालक			बालिका		
	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५	१९६२-६३	१९६३-६४	१९६४-६५
	१	२	३	४	५	६
(१) छात्रवृत्ति केन्द्रीय सरकार।	६४६	६०४	४३७	७०	६२	४६
राज्य सरकार ..	४५,३६०	४५,९६७	४८,८४८	४,८५२	५,३१०	६,१९१
संस्था स्वयं ..	२१	..	३,०८०	११	..	२३४
स्थानीय निकाय ..	२१	३	३	६	..	..
अन्य ..	३३४	३४३	१०३	१२	१३	८
कुल छात्रवृत्तियां ..	४६,३८३	..	५२,४७१	४,९५१	५,३८५	६,४७९
(२) अन्य वित्तीय सुविधाएँ	२५,१५४	२०,६९८	३३,३७१	४,७०७	१,६७६	७,०४३
